संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 20 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेभारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फ्रांस के राष्ट्रपति ने भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 319 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# दिल्ली में सांसों पर 'आपातकाल'

● सीजन का सबसे ज्यादा पॉल्यूशन, दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 500 से ऊपर रिकॉर्ड किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली : दिल्ली** में प्रदूषण बेहद खतरनाक लेवल पर बना हुआ है। मंगलवार सुबह 7 बजे दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 500 से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली का औसत एक्यूआई 494 रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन में सर्वाधिक है। यानी राजधानी में सीजन की सबसे खराब हवा रही। दिल्ली-एनसीआर के 10वीं तक के स्कूल पहले ही ऑनलाइन कर दिए गए थे। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद 11वीं-12वीं की क्लासेस भी ऑनलाइन चलाने का आदेश दे दिया गया। वहीं, डीयू, जेएनयू और जामिया के कॉलेजों की क्लासेस 4 दिन तक वर्चुअल मोड पर चलेंगी।

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने 18 नवंबर से दिल्ली-एनसीआर में बदला हुआ ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का चौथा फेज लागू कर दिया है। साथ ही बच्चों, बुजुर्गों, सांस और दिल के मरीजों, पुरानी बीमारियों से पीड़ितों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। उधर, दिल्ली से सटे नोएडा में प्रदूषण




**स्मॉग की चादर**

**▶▶ डीयू, जेएनयू और जामिया के कॉलेजों की क्लासेस 4 दिन तक वर्चुअल मोड पर चलेंगी, लोगों को मास्क पहनने की सलाह**


और धुंध के कारण ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह कई एक्सीडेंट हुए। यहां विजिबिलिटी कम होने के कारण एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। इस कारण ट्रक के पीछे चल रहीं 4 रवश कारें और कुछ बाइक आपस में टकरा गईं। एक्सीडेंट में 2 बाइक सवार की मौत हो गई।

राजधानी के लोगों का मंगलवार के दिन की शुरूआत भी स्मॉग की चादर के साथ हुई। तमाम कोशिशों और उपायों के बाद भी प्रदूषण ने लोगों का सांस लेना दूभर कर दिया है। मंगलवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण 'गंभीर प्लस' श्रेणी में पहुंच गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 494 दर्ज किया गया। उत्तरी दिल्ली के कुछ इलाकों में एक्यूआई 500 के पार चला गया है।

नॉर्थ कैंपस में एक्यूआई 500 दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, जहांगीरपुरी, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम और कई अन्य स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार 450 के पार दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई है, कई ट्रेनें और उड़ानें विलंबित या रद्द कर दी गई हैं।

## सीओपी29 में छाया दिल्ली प्रदूषण का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर** समेत देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक जा पहुंचा है। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 500 के पार पहुंच गया। पटना में एक्यूआई 350 दर्ज किया गया। वहीं, लखनऊ में वायु प्रदूषण स्तर 321 तक पहुंच चुका है। वहीं, दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की चर्चा हो रही है। अजरबैजान की राजधानी बाकू में पर्यावरण को लेकर आयोजित सीओपी29 समिट में दिल्ली की जहरीली हवा पर चर्चा हुई। पर्यावरण विशेषज्ञों ने दिल्ली के प्रदूषण पर ना सिर्फ चिंता जताई, बल्कि प्रयासों को लेकर भी बात की। विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण की वजह से स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में आगाह किया है और तत्काल ग्लोबल एक्शन का आह्वान किया है। क्लाइमेट ट्रेंड्स की



निदेशक आरती खोसला ने कहा कि प्रदूषण का कोई एक वजह इस संकट के लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि इसके कई कारण हैं। ब्लैक कार्बन, ओजोन, जीवाश्म ईंधन जलाने और खेतों में आग लगाने से निकलने वाला धुओं की वजह से दिल्ली-ठढफसहित देशभर में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ चुका है। सर्दी की वजह से हवा में प्रदूषण ज्यादा वक्त तक रहता है। हवा की रफ्तार भी काफी धीमी हो गई है।

**'वायु प्रदूषण से लड़ना अमीर देशों के लिए भी आसान नहीं'**
ग्लोबल क्लाइमेट एंड हेल्थ एलायंस के उपाध्यक्ष कर्टनी हॉवर्ड ने भी वायु प्रदूषण पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि साल 2023 में कनाडा की जंगल में लगी आग को बुझाना एक चुनौती से कम नहीं थी। प्रदूषण से निपटना कनाडा जैसे अमीर देशों के लिए भी मुश्किल है। हमें आपदाओं से निपटने के लिए गरीब देशों की वित्तीय मदद करने की जरूरत है। ब्रीथ मंगोलिया के को-फाउंडर एनखुन ब्याम्बादोर्ज ने प्रदूषण की वजह से बच्चों के फेफड़ों पर हो रहे नुकसान पर चिंता जाहिर की। हम जिस समाज में सांस ले रहे हैं।

## मोदी का रियो डी जेनेरियो में खाद्य सुरक्षा पर बड़ा वादा




**टीम एक्शन इंडिया**
**रियो डी जेनेरियो:** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरियो में दुनिया भर के प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों से भेंट के दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की (प्रथम) उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी यहां जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। 51 वर्षीय भारतवंशी गीता गोपीनाथ ने एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात पर खुशी का इजहार करते हुए सेल्फी पोस्ट की। गीता ने लिखा, "रियो में जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलना बहुत अच्छा लगा। उन्होंने भूख और गरीबी कम करने में भारत की कई सफलताओं से अवगत कराया। विश्व को भारत की इस रचनात्मक पहल से सीख लेनी चाहिए।"

**शिखर सम्मेलन**

**▶▶ गीता गोपीनाथ मिलकर हुई खुश, कहा-दुनिया के देश भारत की पहल से सीख लें**

## भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप, एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई: महाराष्ट्र** में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से एक दिन पहले मंगलवार, 19 नवंबर को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा। मुंबई के उपनगर विरार के होटल में चुनाव आयोग के अफसरों ने तावड़े के कमरे से 9 लाख रुपए और कागजात बरामद किए। इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि चुनाव आयोग ने सिर्फ इतना कहा है कि



कुछ सीज किया गया है। डिटेल में जानकारी नहीं दी है। विपक्ष के आरोप के बाद चुनाव आयोग ने विनोद तावड़े और नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। राज्य की 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा।

तावड़े होटल में मीटिंग कर रहे थे, बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने घेरा हितेंद्र ठाकुर की बहुजन विकास अघाड़ी के विधायकों ने आरोप लगाया कि तावड़े मंगलवार को 5 करोड़ रुपए लेकर विरार इलाके के एक होटल पहुंचे। उनके साथ नालासोपारा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजन नाइक और दूसरे कार्यकर्ता भी थे। यहां उनकी मीटिंग चल रही थी। इश्अ के मुताबिक, होटल में वोटर्स को पैसे बांटे जा रहे थे। जानकारी मिलने पर हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज ठाकुर भी होटल पहुंचे। इश्अ और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर विवाद हुआ।

**बीजेपी महाराष्ट्र को अडाणी राष्ट्र बनाना चाहती है: कांग्रेस**

**अडाणी** करोड़ों रुपए में एमवीए खरीदकर महाराष्ट्र की सरकार गिराता है। भाजपा सरकार बनाकर महाराष्ट्र में लाखों करोड़ का धंधा अडाणी को देती है। इसके बाद वो अडाणी के कालेधन से चुनाव लड़ती है। भाजपा नेता के हाथ में ये नोटों की गड्डियां अडाणी की हैं। बीजेपी महाराष्ट्र को अडाणी राष्ट्र बनाना चाहती है।
भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कहा- अगर विपक्ष के पास ऐसे कोई सबूत हैं तो उन्हें चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए। यह साजिश है।

## विधानसभा के नए भवन के मुद्दे पर होगी सर्वदलीय बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि चंडीगढ़ में हरियाणा की विधानसभा का निर्माण एक गंभीर विषय है और इस पर सभी पार्टियों को राजनीति से ऊपर उठकर एकमत होकर अपनी बात रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा के निर्माण के विषय पर चर्चा के दौरान बोल रहे



थे। इस विषय पर विपक्ष के सदस्यों ने कहा कि हम सरकार के साथ हैं, मुख्यमंत्री अगुवाई करें, सभी दल इकट्ठे होकर अपनी बात रखेंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के नेताओं ने पहले भी एसवाईएल को लेकर राजनीति की है, जिससे हरियाणा के किसानों को उनके हक का पानी नहीं मिला। जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि एसवाईएल का पानी हरियाणा के किसानों को मिलना चाहिए। इस देश के अंदर ऐसा नहीं होना चाहिए कि माननीय सुप्रीम कोर्ट को भी बाईपास किया जाए, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे ही अब पंजाब के नेता हरियाणा विधानसभा के निर्माण के विषय पर भी सवालिया निशान लगा रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

**सरकार गंभीर**

**▶▶ चंडीगढ़ में हरियाणा की विधानसभा का निर्माण गंभीर विषय: सीएम नायब सिंह सैनी**

## खरगे ने मणिपुर की स्थिति पर राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उनसे मणिपुर में जातीय संघर्ष के बीच जानमाल को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में मणिपुर के हालात की जानकारी दी है। खरगे ने लिखा है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अपना दायित्व ठीक से नहीं निभाने के कारण वहां कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। मणिपुर में हिंसा के चलते मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के साथ गंभीर समझौता किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि यह संवैधानिक तौर पर आवश्यक हो गया है कि संविधान के मूल्य को बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति तुरंत हस्तक्षेप कर लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करें। खरगे ने कहा कि मुझे



**सरकार को घेरा**

**▶▶ केंद्र-राज्य सरकार द्वारा दायित्व ठीक से नहीं निभाने के कारण वहां कानून-व्यवस्था चरमरा गई**

विश्वास है कि राष्ट्रपति भवन की ओर से किये गये हस्तक्षेप से मणिपुर के लोग एक बार फिर अपने घरों में सुरक्षा और सम्मान से जी सकेंगे। अपने पत्र में खरगे ने विस्तार से बताया है कि मणिपुर में पिछले 18 महीने से जारी जातीय संघर्ष में 300 से ज्यादा लोग अपनी जान गवां चुके हैं। इनमें महिलाएं, बच्चे और यहां तक की नवजात भी शामिल हैं।

## मणिपुर में मारे गए कुकी उग्रवादियों के समर्थन में प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/इंफाल:** मणिपुर में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों के लिए न्याय की मांग करते हुए कुकी समुदाय लगातार प्रदर्शन कर रहा है। मंगलवार को भी जिरिबाम और चुराचांदपुर जिले में सैकड़ों लोगों ने 10 खाली ताबूत लेकर मार्च निकाला। मणिपुर पुलिस के अनुसार, पिछले हफ्ते जिरिबाम के बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन और पास के जकुराधोर में CRPF कैंप पर वदीर्धारी




उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके बाद सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दस संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। हालांकि कुकी समुदाय का कहना है कि वे लोग विलेज वॉलंटियर्स थे। यह रैली ज्वाइंट फिलैंथ्रोपिक ऑर्गनाइजेशन ने आयोजित की थी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई इस रैली में सैकड़ों लोग हाथों में पोस्टर लिए शामिल हुए। इन पोस्टर्स पर मारे गए लोगों के लिए न्याय और पहाड़ी क्षेत्रों में अलग प्रशासन की मांग की गई थी। इस बीच कांग्रेस ने कहा है कि पीएम मोदी को अपनी जिद छोड़कर मणिपुर जाना चाहिए।

**इंसाफ की मांग**

**▶▶ सैकड़ों लोग खाली ताबूत लेकर सड़कों पर उतरे; कांग्रेस बोली- मोदी जी मणिपुर जाइए**

## आरबीआई ने गवर्नर के फर्जी वीडियो को लेकर आगाह किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोशल मीडिया पर प्रसारित गवर्नर शक्तिकांत दास के वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी वीडियो डीपफेक के प्रति जनता को आगाह किया है। इस वीडियो में केंद्रीय बैंक की ओर से कुछ निवेश योजनाएं शुरू किए जाने या उसका समर्थन करने का दावा किया गया है।
आरबीआई ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में जनता को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वित्तीय सलाह देने वाले प्रसारित डीपफेक वीडियो को लेकर सतर्क रहने को कहा है। बयान में कहा गया है कि रिजर्व बैंक के संज्ञान में आया है कि गवर्नर के फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे हैं, जिसमें आरबीआई द्वारा कुछ निवेश योजनाएं शुरू किए जाने या समर्थन करने का दावा किया गया है।

**भावी कार्यक्रम** भगवान बिरसा मुंडा और लौहपुरुष की 150वीं जयंती, अटल जी की जनशताब्दी और आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर वर्ष भर होंगे विविध आयोजन

## अंत्योदय से सर्वोदय को समर्पित होगा वर्ष 2025: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश....

आगामी वर्ष 2025 अत्यंत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। यह वर्ष धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाना है, तो यह लौहपुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती का भी वर्ष है। एक ओर जहां हम



संविधान अंगीकार करने का अमृत महोत्सव मनाएंगे, वहीं लोकतंत्र की हत्या आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर लोगों को जागरूक भी किया जाना है।लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती भी इसी वर्ष मनाई जाएगी। 2025 का यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष है तो इसी वर्ष हमें जीरो पॉवर्टी का लक्ष्य भी पूरा करना है। यह पूरा वर्ष अंत्योदय से सर्वोदय, राष्ट्रीय एकता और सुशासन की परिकल्पना को समर्पित होगा। इनके दृष्टिगत पूरे वर्ष आयोजन किये जायेंगे। 26 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हो रहे संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष की शुरूआत पर राजधानी लखनऊ में शासन स्तर के साथ-साथ सभी सरकारी संस्थानों, विभागों, कार्यालयों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली जानी चाहिए। स्कूल/कॉलेजों में निबंध और डिबेट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। संसदीय कार्य विभाग इसका नोडल विभाग होगा। पूरे वर्ष होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना यथाशीघ्र जारी कर दी जाए। प्रयागराज महाकुम्भ में पूरी दुनिया से लोगों का आगमन होगा। यह दुनिया के लिए भारत को जानने, समझने का सुअवसर है। महाकुम्भ में भारतीय संविधान पराधारित संविधान गैलरी तैयार कराई जाए।

**रोडमैप**

**▶▶ लोकतंत्र की हत्या आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर लोगों को जागरूक भी किया जाना है**

## विज्ञान और किसान के बीच की दूरी कम करनी होगी: शिवराज चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि विज्ञान और किसान के बीच की दूरी कम करनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार लैब टू लैंड- वैज्ञानिक से किसान तक समय पर सही जानकारी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने पूसा में आयोजित वैश्विक मृदा कॉफ्रेंस-2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक नवाचारों और विस्तार



प्रणालियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत के कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसियां के सहयोग से भी किसानों को ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि हम आधुनिक कृषि चौपाल का कार्यक्रम जल्दी शुरू करने वाले हैं, जिसमें वैज्ञानिक लगातार किसानों से चर्चा करके जानकारियां देंगे और समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इसके अतिरिक्त निजी और गैर सरकारी संगठनों के नेतृत्व वाली विस्तार सेवाओं ने उन्नत तकनीक को किसानों तक पहुंचाया है और उसका लाभ अब किसान ले रहे हैं। चौहान ने कहा कि केमिकल फर्टिलाइजर का बढ़ता उपयोग व बढ़ती निर्भरता, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और अस्थिर मौसम ने मिट्टी पर दबाव डाला है। आज भारत की मिट्टी बड़े स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही है।

# पांच मिनट की ट्रेनिंग ठगी से दिलाएगी छुटकारा, क्राइम मास्टर गोगो देगा टिप्स

जागरूक

▶▶ क्राइम मास्टर गोगो देगा टिप्स, व्यापार मेले में क्राइम मास्टर गोगो के कैरेक्टर के जरिये सिखाए जा रहे ठगी से बचने के गुर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 90 के दशक में फिल्म अंदाज अपना अपना के विलेन क्राइम मास्टर गोगो के चरित्र से लोगों को ठगी से बचाया जा रहा है। व्यापार मेले में खरीददारी और राज्यों की संस्कृति को देखने के साथ पांच मिनट अगर, आप यहां दे दें तो ठगी से बच सकते हैं। दरअसरल, डिजिटल युग में अपराधियों ने ठगी के तरीके बदल लिए हैं, इसलिए व्यापार मेले में हॉल नंबर 1 में केंद्रीय गृह मंत्रालय के मंडप में लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यहां ठगों के तरीकों और लालच से दिए जाने के प्रकरणों के बारे में बताया जा रहा है और ठगी से बचने के तरीके बताए जा रहे हैं।

**दिल्ली में हर रोज ठगी के 700 से 800 मामले हो रहे दर्ज**

अब तक सात हजार से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा चुका है। साथ ही प्रतिदिन इसकी संख्या बढ़ रही है। मेले में लोगों को जागरूक कर रहे नेशनल साइबर क्राइम इको-सिस्टम मैनेजमेंट यूनिट (एनसीइएमयू) आइ4सी एमएचए के डायरेक्टर निशांत कुमार ने बताया कि दिल्ली में प्रतिदिन ठगी के 700 से 800 मामले दर्ज होते हैं और एक जनवरी से 11 नवंबर 2024 के बीच एक लाख 30 हजार 412 मामले दर्ज हो चुके हैं।

**विशेषज्ञों की टीम अपराधों पर कर रही तुरंत कार्रवाई**

इसमें जल्दी लोन दिलाने के साथ ही पार्ट टाइम नौकरी, डेटिंग एप, डिजीटल अरेस्ट, निवेश के नाम पर ज्यादा पैसा लौटना, गेमिंग एप समेत साइबर क्राइम के विभिन्न मामलों को लेकर जागरूकता अभियान व्यापार मेले में चल रहा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में एक अत्याधुनिक साइबर अपराध प्रयोगशाला स्थापित की गई है।
जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों की टीम अपराधों पर तुरंत कार्रवाई कर रही है। इसमें प्रतिदिन सात हजार शिकायतों की निपटाने की व्यवस्था है।
शिकायतें मिलने के बाद उन्हें संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजा जा रहा है।

# चेन स्नेचिंग व मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद पुलिस मैं सोमवार के देर रात साहिबाबाद रेलवे स्टेशन फुट और ब्रिज के नजदीक मुठभेड़ के दौरान दो चेन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से दोनों लुटेरे घायल हो गए। इनके कब्जे से कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 02 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस तथा स्नैचिंग किए हुए मोबाइल फोन बेचकर प्राप्त 10हजार रुपये बरामद किये गए हैं। खास बात यह है कि इनमें एक लुटेरा मुजफ्फरनगर का व दूसरा मेरठ का निवासी है लेकिन फिलहाल दोनों हरियाणा में रहते हैं। वहीं से आकर गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर में चेन स्नेचिंग में चोरी की वारदातों का अंजाम देते हैं। दोनों लुटेरे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि साहिबाबाद पुलिस रेलवे स्टेशन फुटओवर ब्रिज के पास रात में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए पुलिस ने इन्हें रुकने का इशारा किया तो इन्होंने रुकने की बजाय पुलिस पर पार्टी पर फायरिंग करते हुए अपनी मोटरसाइकिल तेज गति से दौड़ा की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें पुलिस की गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों में एक ने अपना नाम आकाश उर्फ चाचा निवासी निवासी बुगाड़ा कलां थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर व दूसरे ने अपना नाम अनीत उर्फ अनिल निवासी हसनपुर रजापुर जिला मेरठ बताया।

# मंदिर परिसर में निकाह से नाराज हिन्दू वाहिनी के कार्यकर्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गोविंदपुरी इलाके स्थित शक्तिधाम मंदिर परिसर में निकाह कराये जाने के खिलाफ हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और निकाह को बीच में रुकवा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह मामले को शांत कराया। बाद में निकाह की रस्म घर पर की गई। सुदामापुरी निवासी एक शख्स की बेटी के साथ निकाह करने के लिए दूल्हा लोनी से बारात लेकर पहुंचा था। कुछ लोगों ने इसे सांप्रदायिक सौहार्द बताते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया। सूचना पाकर हिंदू युवा वाहिनी के नीरज शर्मा के साथ कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल मामले को संभाला और हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। मामले में हिंदू युवा वाहिनी की ओर से मोदीनगर थाना पुलिस को एक तहरीर भी दी गई है। मंदिर परिसर में निकाह कराए जाने की सूचना पर हिंदू वाहिनी के कार्यकताओं ने विरोध दर्ज कराया। मंदिर परिसर में निकाह को लेकर हंगामा होते देख काजी ने निकाह बीच में ही रोक दिया। हंगामें की सूचना पर मौके पर पहुंचे मोदीनगर थाना प्रभारी ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चरणजीत वोहरा, पुत्र स्व. श्री चमन लाल, पताः गली नंबर 11, अजीत नगर, गांधी नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 201/2022, U/s 354/504/506/509/323 IPC पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **चरणजीत वोहरा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **चरणजीत वोहरा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 201/2022, U/s 354/504/506/509/323 IPC पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **चरणजीत वोहरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–01
कोर्ट नंबर 55, महिला कोर्ट, शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15275/SHD/2024

# यौन उत्पीड़न केस में मलयालम अभिनेता सिद्दीकी को राहत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में आरोपित मलयालम अभिनेता सिद्दीकी को अग्रिम जमानत दे दी । जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने घटना के करीब आठ साल बाद एफआईआर कराई है । घटना 2016 की है और एफआईआर अगस्त 2024 में दर्ज कराई गई थी। सिद्दीकी की ओर से पेश वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि जांच एजेंसी बार-बार सिद्दीकी का फोन और लैपटॉप मांग रही है, जो उनके पास 2016 में था। 2016 का फोन और लैपटॉप अब उनके पास उपलब्ध नहीं है। केरल पुलिस की ओर से पेश वकील रंजीत कुमार ने कहा कि सिद्दीकी पुलिस के समक्ष पेश जरूर हो रहे हैं लेकिन वे जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और घुमा-फिराकर जवाब दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर को सिद्दीकी की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई थी। सुनवाई के दौरान रोहतगी ने कहा था कि आठ साल के बाद 2024 में एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में दूसरों को जमानत मिल चुकी है लेकिन सिद्दीकी को जमानत नहीं मिली। सिद्दीकी की जमानत का विरोध करते हुए एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कहा था कि इस मामले में एसआईटी गठित की गई है। उल्लेखनीय है कि केरल हाई कोर्ट ने सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल, एक अभिनेत्री ने सिद्दीकी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। अभिनेत्री की शिकायत में सिद्दीकी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 506 के तहत आरोप लगाए गए हैं।

# बवाना झुग्गियों में देर रात लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी उत्तरी** दिल्ली के बवाना जेजे कॉलोनी की झुग्गी बस्ती में सोमवार देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते काफी संख्या में झुग्गियां चपेट में आ गई। मौके पर एक-एक करके 16 दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर सुबह काबू पाया गया। इस हादसे में डेढ़ सौ से ज्यादा झुग्गियां जलकर खाक हो चुकी है।दमकल कंट्रोल रूम के अनुसार रात 1:50 पर आग लगने की सूचना मिली थी। लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर सुबह काबू पाया गया। मौके पर डिविजनल ऑफीसर डीबी मुखर्जी सहित 80 फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुटी रही। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 15245196A | कार्टेज एस ए बाल 5.56 एमएम | 125911 नग | 12.12.2024 |
| 2. | 19240808A | एन्ड फ्रेम डी ई असेंबली (मशीन्ड) | 112 नग | 16.12.2024 |
| 3. | 12241133A | सिंगल कोर एलस्टोमेरिक केबल साइज 300 एस क्यू एम एम | 3473 मीटर | 16.12.2024 |
| 4. | 07241161A | ड्रा बार एंड केसटल नट फॉर ड्रा गियर | 2481 नग | 23.12.2024 |
| 5. | 07241152A | हेड स्टॉक कम्पलीट | 50 नग | 30.12.2024 |
| 6. | 07241066 | वेअरिंग पीस फॉर साइड बेयरर | 770 नग | 30.12.2024 |
| 7. | 15245006 | कम्पलीट पेंटिंग सिस्टम | 01 नग | 06.01.2025 |
| 8. | 15245204 | सी एन सी एक्सल टर्निंग लेंथ | 01 नग | 06.01.2025 |
| 9. | 09242534 | कास्ट स्टील साइड फ्रेम अलोंग विध लाइनर्स | 323 नग | 21.01.2025 |

**निविदा शर्तें** : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं.: 73/2024-2025 दिनांक: 19.11.2024 3565/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू गुप्ता**, पुत्रः राम कुमार गुप्ता, पताः सी–208, इंदर एन्क्लेव, किरारी, सुलेमान नगर, दिल्ली ने **FIR No. 290/21, U/s: 188/269 IPC & 3ED Act & 51 DM Act, पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू गुप्ता** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **सोनू गुप्ता** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 290/21, U/s: 188/269 IPC & 3ED Act & 51 DM Act, पुलिस थाना राज पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **सोनू गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.12.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03, एनडब्ल्यू, कमरा नंबर 107
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14713/OD/2024

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **ममता पुत्रः मानु, पताः** टी–1274, मंगोलपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 1000/2018, U/s 33 Delhi Excise Act** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ममता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ममता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIRNo. 1000/2018, U/s 33 Delhi Excise Act** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **ममता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऋषभ कपूर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
उत्तर–पश्चिम कोर्ट नं. 105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15288/OD/2024
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम:** रेल कोच नवीनीकरण कारखाना नरही, उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता उत्तर रेलवे के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एसएनपी के अनुभाग में एडमिन ब्लॉक और फैक्ट्री भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य। 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए पीएनपी। |
| 2 | **अनुमानित लागत:** रु. 64,91,009.16/- |
| 3 | **समापन-अवधि:** 12 महीने |
| 4 | **ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय:** 10.12.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 10.12.2024 को 15:00 बजे। |
| 5 | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 6 | **सामान प्रकार के कार्य:** कोई भी सिविल कार्य अन्य ट्रैक कार्य। |

नोटः- शपथ पत्र संलग्नक XXIII अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।
सं.: 128-डब्लू/280/निविदासूचना/24-25/डब्लू-I (NIT-53) दिनांक: 18.11.2024 3558/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गाजियाबाद विधानसभा का उपचुनाव आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को कड़ी सुरक्षा में मतदान होगा। इस मतदान में लगभग 4लाख 61हजार मतदाता प्रत्याशियों के भाग का फैसला करेंगे। प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पोलिंग पार्टियों अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंच चुकी हैं। इससे पहले जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण कर पोलिंग पार्टियों का उत्साह वर्धन किया। वही नगर निगम ने 507 मतदान स्थलों पर पुख्ता इंतजाम के साथ-साथ पिंक बूथ और दिव्यांगों के लिए मॉडल बूथ भी बनाया है।। गाजियाबाद नगर निगम के वरिष्ठ निर्वाचन प्रभारी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रकाश व्यवस्था पेयजल व्यवस्था, पानी छिड़काव की व्यवस्था सभी बूथों पर कराई गई है। इसके अलावा रजाई गद्दा की व्यवथा स्थलों पर कराई गई है ' मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी ने बताया कि ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में महिलाओं के लिए बनाया गया है।

# हर एक वायदे को हम पूरा करेंगे: सीएम

पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक

▶▶ सरकार ने अपने संकल्प-पत्र के 2 और वचनों को पूरा किया है। सरकार ने हरियाणा राज्य के गठन से पहले के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक दिया है।

**चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि हमारी सरकार का संकल्प पत्र हमारे लिए वचन पत्र है, जिसके हर एक वायदे को हम पूरा करेंगे। वर्ष 2014 और 2019 के संकल्प पत्रों के वायदों को भी हमने पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में हम अपना योगदान देंगे और विकसित भारत के साथ साथ हरियाणा भी और तेज गति से विकसित बनेगा। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के समापन के बाद विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियां तो उनकी सरकार बनने के बाद 2 - 2 साल तक अपने घोषणापत्र को ही भूल जाती थी। जबकि हमारी सरकार अपने संकल्प पत्र के वायदों को लगातार पूरा कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने अपने संकल्प-पत्र के 2 और वचनों को पूरा किया है। सरकार ने हरियाणा राज्य के गठन से पहले के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक दिया है।

**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**
समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-
**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104
विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

**क्लासीफाइड**

**टूर एण्ड ट्रैवल्स**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

**खोया-पाया**

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

**खोया-पाया**

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'राजधानी' का घुट रहा दम

## तमाम कोशिशों और उपायों के बाद भी प्रदूषण ने लोगों का सांस लेना दूभर कर दिया

**दमघोंटू**

**दिल्ली में वायु प्रदूषण 'गंभीर प्लस' श्रेणी में पहुंच गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 494 दर्ज किया गया**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी के लोगों का मंगलवार के दिन की शुरूआत भी स्मॉग की चादर के साथ हुई। तमाम कोशिशों और उपायों के बाद भी प्रदूषण ने लोगों का सांस लेना दूभर कर दिया है। मंगलवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण 'गंभीर प्लस' श्रेणी में पहुंच गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 494 दर्ज किया गया। उत्तरी दिल्ली के कुछ इलाकों में एक्यूआई 500 के पार चला गया है। नॉर्थ कैंपस में एक्यूआई 500 दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, जहांगीरपुरी, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम और कई अन्य स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार 450 के पार दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई है, कई ट्रेनें और उड़ानें विलंबित या रद्द कर दी गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार सुबह कम से कम 22 ट्रेनें देरी से चलीं और नौ अन्य रद्द कर दी गईं।

अगर वायु गुणवत्ता की बात करें तो पूसा में 487, पंजाबी बाग में 481, आरकेपुरम में 477, वजीरपुर का 492, आनंद विहार में 500, डीटीयू में 496, द्वारका सेक्टर 8 में 486, आईटीओ में 386, जहांगीरपुरी में 500, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 481, लोधी रोड में 475, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम 489, मंदिर मार्ग में 480 और नजफगढ़ में 482 एक्यूआई पहुंच चुका है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बनी हुई है।

सोमवार को दिल्ली में ग्रेप 4 लागू कर दिया गया है। इस कारण दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ में स्कूलों को बंद कर दिया गया है और ऑनलाइन माध्यम से क्लासेस चलाए जाएंगे।

## दिल्ली में सांसो का आपातकाल - वीरेंद्र सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली सरकार हमला बोला है। दिल्ली भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर आआपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मंगलवार को आनंद विहार रेलवे स्टेशन के बाहर प्रदर्शन करने और मास्क बांटने के लिए भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं के साथ जुड़ें। इस दौरान सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) वाली दिल्ली सरकार की अकर्मण्यता और केजरीवाल के स्वार्थी राजनीतिक एजेंडे ने राजधानी को अभूतपूर्व संकट में धकेल दिया है, आज दिल्ली 874 के खतरनाक एक्यूआई स्तर के साथ, हर दिन 22 सिगरेट पीने जितनी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि दिल्ली में सांस लेना आज दूभर हो गया है। यहां की स्थिति अच्छी नहीं है। पिछले 10 वर्षों में, आप सरकार ने दिल्ली के लोगों से झूठ बोलने के अलावा कुछ नहीं किया है। उन्होंने इन 10 वर्षों में प्रदूषण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा , हवा में धीमा जहर है और इसलिए हम कह रहे हैं कि दिल्ली में सांस लेने पर आपात स्थिति है। यह केजरीवाल सरकार द्वारा पिछले 10 साल में कुछ नहीं करने का परिणाम है। दिल्ली के हर घर में कोई न कोई बीमार है। उन्होंने आआपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार क्यों लगाई इसकी वजह साफ है कि दिल्ली सरकार ने कोई काम नहीं किया है। वे बार-बार दूसरे राज्यों को दोषी ठहराते हैं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार कुछ नहीं करती सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए जिसके कारण से धूल उड़ रही है और पराली की समस्या तो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही ।

पंजाब का धुंआ बहुत ही खतरनाक है । अगर अरविंद केजरीवाल की सरकार नहीं हटाई गई तो हर दिल्लीवासी को यह मास्क पहनना होगा। द्वारका एक्सप्रेस-वे, प्रगति मैदान सुरंग और नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा बनाई गई सड़कों का जाल न होता तो दिल्ली की हालत और भी खराब होते । विज्ञापन और प्रचार से प्रदूषण नहीं रुकेगा। प्रदूषण रोकने के लिए 24 घंटे काम करना होगा।

# मनी लांड्रिंग मामला : सत्येंद्र जैन को झटका



**कोर्ट का आदेश**

**हाई कोर्ट का ट्रायल पर रोक से इनकार, कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को करने का आदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन के वकील ने कहा कि अगर हमारे पास दस्तावेज नहीं होंगे तो हम आरोप तय करने पर कैसे बहस करेंगे। सत्येंद्र जैन ने मनी लांड्रिंग मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने पर चल रही सुनवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। जैन ने अपनी याचिका में कहा है कि मामले में ईडी की जांच अभी जारी है और ईडी हमें अभी कई दस्तावेज देने से मना कर रही है। ऐसे में ट्रायल पर रोक लगाई जाए। उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को नियमित जमानत दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा था कि सत्येंद्र जैन लंबे समय से जेल में हैं और इस मामले में जल्द ट्रायल शुरू होने की संभावना नहीं है। ऐसे में वो जमानत के हकदार हैं। जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाईं। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा जिन्हें आरोपित बनाया है उनमें उनकी पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 में गिरफ्तार किया था।

# एक्यूआईएस की जांच के लिए पुलिस को 26 नवंबर तक का समय दिया

**जांच**

**ठिकानों पर दबिश देकर एक संयुक्त अभियान के तहत इन आरोपितों को गिरफ्तार किया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़े आतंकी मॉड्यूल (एक्यूआईएस) की जांच के लिए और समय दिए जाने से इनकार करने से पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को मामले की जांच पूरी करने के लिए 26 नवंबर तक का समय दे दिया। हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका पर इस मामले के 11 आरोपितों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। दरअसल, इस मामले में जांच के लिए 90 दिन का समय आज पूरा हो रहा है। दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी न होने का हवाला देते हुए पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दाखिल कर जांच के लिए और समय देने की मांग की थी लेकिन पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को और समय देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने हाई कोर्ट का रुख किया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अगस्त में झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ मिलकर 17 ठिकानों पर दबिश देकर एक संयुक्त अभियान के तहत इन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक इस आतंकी मॉड्यूल का नेतृत्व डॉ. इश्तियाक कर रहा था, जो रांची का रहने वाला है। आरोपितों में डॉ. इश्तियाक के अलावा एनामुल अंसारी, शाहबाज अंसारी, अल्ताफ अंसारी, हसन अंसारी, अरशद खान, उमर फारुक, मोहम्मद रिजवान, मोतिउर रहमान, रहमतुल्लाह और फैजान अहमद शामिल हैं। आरोपित हसन अंसारी, एनामुल अंसारी, अल्ताफ अंसारी, अरशद खान, उमर फारुक और शाहबाज अंसारी झारखंड के निवासी हैं और वे कुछ दिनों से राजस्थान में रह रहे थे।

# इमारत में लगी आग, बुजुर्ग महिला को बचाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तरी दिल्ली के शक्ति नगर में सोमवार दोपहर एक चार मंजिला इमारत में आग लग गई। पूरी बिल्डिंग आग की चपेट में आकर धू-धू कर जलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूम धारण कर लिया और ग्राउंड फ्लोर से लेकर चौथी मंजिल तक इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। इस आग में केवल परिवार के लोग सुरक्षित बच पाए। जबकि सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं गनीमत यह रही कि जिस इमारत में आग लगी थी, उसमें रहने वाले परिवार के लोग इमारत छोड़ कर बाहर आ गए थे। आग इतनी भयंकर थी कि उसके धुएं ने बराबर वाली इमारत को भी अपनी चपेट में ले लिया। उसी इमारत की चौथी मंजिल पर 75 वर्षीय महिला जो चलने में लाचार थी उनकी जान जोखिम में आ गई। मौके पर मौजूद रूप नगर थाना के एसएचओ रमेश कौशिक कुछ पुलिस कर्मियों के साथ धुएं से घिरी चौथी मंजिल पर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को सबने मिलकर सुरक्षित नीचे ले आए। जानकारी के अनुसार इस आग पर काबू पाने के लिए 20 से ज्यादा फायर की गाड़ी मौके पर पहुंची थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस हादसे में सकुशल बचने के बाद बुजुर्ग महिला सरोज बाला गुप्ता ने पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया और उनके हौसला की तारीफ की।

# डीटीसी के कर्मचारियों का हड़ताल जारी

**मांगें**

**प्रदर्शन में बैठे कर्मचारियों का कहना है कि डिपो में काम करने की शर्तें उचित नहीं हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण चौथे दिन भी यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन में बैठे कर्मचारियों का कहना है कि डिपो में काम करने की शर्तें उचित नहीं हैं। प्रदर्शन में बैठे लोग समान कार्य समान वेतन की मांग पर अड़े हुए है। इतना ही नहीं, उनके समर्थन में दिल्ली के अन्य डिपो के चालक-परिचालक चौथे सड़कों पर उतर आए हैं। डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के महासचिव मनोज शर्मा ने बताया कि महिलाओं के समर्थन में दिल्ली के अंबेडकर नगर डिपो, ओखला डिपो, टेकन डिपो, कालकाजी डिपो, नारायणा डिपो, शादीपुर डिपो, केशवपुर डिपोए नंद नगरए मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, इन्द्रपुरी, महरौली व अन्य डिपो में कर्मचारी बसों को न चला कर समान कार्य समान वेतन समेत अपनी अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के चलते करीब एक हजार से अधिक बसें मंगलधार को दिल्ली की सड़कों पर नहीं उतरी।

# एकीकृत क्यूआर-टिकटिंग सिस्टम आधिकारिक तौर पर लॉन्च

**अच्छी खबर**

**मेरठ से साहिबाबाद तक चल रही है। नमो भारत ट्रेन मेरठ से दिल्ली में न्यू अशोक नगर चलने वाली है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो और नमो भारत ट्रेन में सफर करने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। अब यात्रियों को दिल्ली मेट्रो और नमो भारत ट्रेन का टिकट अलग-अलग खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बता दें कि अभी मेरठ से साहिबाबाद तक चल रही है। जल्द ही नमो भारत ट्रेन मेरठ से दिल्ली में न्यू अशोक नगर चलने वाली है। लोगों को इसका बेसब्री से इंतजार है।

**एकीकृत क्यूआर-टिकटिंग सिस्टम आधिकारिक तौर पर लॉन्च**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और दिल्ली मेट्रो रेल कारपोशन (डीएमआरसी) ने अपना एकीकृत क्यूआर-टिकटिंग सिस्टम आधिकारिक तौर से लॉन्च कर दिया। इस पहल का उद्देश्य एनसीआर में यात्रा को और आसान एवं सुविधाजनक बनाना है।

**यात्रियों को मिलेगा बहुत फायदा**

एनसीआर में एक एकीकृत एवं डिजिटल रूप से संचालित यात्री केंद्रित नेटवर्क बनाने के उद्देश्य से इसी साल अगस्त में एनसीआरटीसी और डीएमआरसी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया था। यह पहल उसी दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है।

**क्या बोले एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल...**

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डा विकास कुमार ने मोबाइल ऐप पर नमो भारत और दिल्ली मेट्रो की टिकट बुक कर आधिकारिक तौर पर इस एकीकृत टिकटिंग सिस्टम की शुरूआत की। उन्होंने विश्वास जताया कि यह डिजिटल एकीकरण यात्रियों की राह तो आसान करेगा ही, साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित भी करेगा।

**ऐसे बुक कर सकेंगे क्यूआर टिकट**

यात्री अब आरआरटीएस कनेक्ट एप के माध्यम से दिल्ली मेट्रो का क्यूआर कोड टिकट और डीएमआरसी मोमेंटम 2.0 एप से नमो भारत के लिए क्यूआर कोड टिकट बुक कर सकते हैं। इससे आरआरटीएस और दिल्ली मेट्रो, दोनों में निर्बाध टिकटिंग संभव होगी।

## जल्द न्यू अशोक नगर तक दौड़ेगी नमो


**अब** जल्द ही मेरठ से न्यू अशोक नगर तक शुरू होने वाला है। न्यू अशोक नगर तक नमो भारत ट्रेन का संचालन होने से नोएडा में नौकरी करने वालों को काफी फायदा होगा। वे आसानी से सिर्फ 35 से 40 मिनट में मेरठ से दिल्ली आ सकेंगे।

**इन स्टेशनों पर शुरू हुई बिजली सप्लाई**

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशन पर बिजली आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है।

इसके लिए इन स्टेशनों में स्थापित सहायक (आग्जिलियरी) सब सटेशनों (एएसएस) को 33 केवी की क्षमता पर चार्ज कर दिया गया है।

# वायु प्रदूषण के बीच जामिया और जेएनयू में कक्षाएं ऑनलाइन शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में वायु प्रदूषण के बीच जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने अपने छात्रों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए सभी कक्षाओं को ऑनलाइन मोड में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। जेएमआई कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच गया है।




दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

# 100 करोड़ की ठगी मामले में चीनी नागरिक गिरफ्तार

**धोखाधड़ी**

**आरोपी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 100 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी कर चुका है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शेयर बाजार में निवेश के बहाने लोगों से ठगी करने वाले चीनी नागरिक फेंग को शाहदरा जिले के साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 100 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी कर चुका है।

**अप्रैल में आया था भारत**

फेंग चेनजिन अप्रैल 2020 में आंध्र प्रदेश में एक तियावानी कंपनी के लिए वर्क वीजा पर भारत आया था। आंध्र पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के समय उसका वीजा वैध था और पासपोर्ट और वीजा दोनों आंध्र पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। अब उसके पास कोई वैध वीजा नहीं है।

**ऐसे दो मामलों में रहा शामिल**

पुलिस के अनुसार, आरोपी फेंग चेनजिन पहले भी दो ऐसे ही मामलों में शामिल रहा है। तकनीकी और मैनुअल निगरानी के बाद आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। आईएमईआई नंबर 86269406720421 वाला मोबाइल फोन, जिसका इस्तेमाल आरोपी के कब्जे से लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए किया गया था। जांच में पता चला कि धोखाधड़ी से जुड़े फिनकेयर बैंक खाते से जुड़ी 17 समान शिकायतों का एक व्यापक नेटवर्क है, जिसकी राशि 100 करोड़ रुपये से अधिक है। शाहदरा साइबर पुलिस स्टेशन ने ठगी से जुड़े एक बड़े साइबर धोखाधड़ी मामले में एक चीनी नागरिक फेंग चेनजिन को गिरफ्तार किया है। यह धोखाधड़ी व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग घोटालों के माध्यम से की गई थी, जिसमें व्यक्तियों को निशाना बनाया गया था।

## आरोपी के खिलाफ दर्ज की गई थी शिकायत

**पुलिस** के अनुसार, 24 जुलाई 2024 को सुरेश कोलीचियिल अच्युतन द्वारा साइबर अपराध पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज की गई, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें धोखाधड़ी वाले शेयर बाजार प्रशिक्षण सत्रों में लालच दिया गया और बाद में कई लेन-देन में 43.5 लाख रुपये का निवेश करने के लिए धोखा दिया गया। इन निवेशों को धोखेबाजों द्वारा नियंत्रित कई बैंक खातों में निर्देशित किया गया था।

# विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन छह विधेयक पारित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन चर्चा उपरांत छः विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2024, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2024, हरियाणा माल एवं सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2024, हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक, 2024, हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक (सेवा की सुनिश्चितता),विधेयक, 2024 तथा हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चितता), विधेयक, 2024 शामिल हैं।

**हरियाणा विनियोग (संख्या 3) विधेयक, 2024**
यह अधिनियम हरियाणा विनियोग (संख्या 3) अधिनियम, 2024 कहा जाएगा। इस अधिनियम द्वारा राज्य की संचित निधि में से भुगतान की जाने और उपयोग में लाई जाने वाली राशियों का विनियोग उन्हीं सेवाओं और प्रयोजनों के लिए किया जाएगा, जो मार्च, 2025 के इकतीसवें दिन को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के सम्बन्ध में बताए गए हैं। यह विधेयक भारत के संविधान के अनुच्छेद 204 (1) तथा 205 के अनुसरण में वित्त वर्ष 2024-25 के खर्च के लिए विधान सभा द्वारा किए गए अनुपूरक अनुदानों को पूरा



करने के लिए हरियाणा राज्य की संचित निधि में से 8591,38,87,000 रुपये की अपेक्षित राशि के भुगतान और विनियोग हेतु उपबंध करने के लिए पारित किया गया है।

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2024**
भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, हरियाणा राज्यार्थ को संशोधित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2024 पारित किया गया। केन्द्र सरकार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का केन्द्रीय अधिनियम 46) अधिनियमित किया है जो 1 जुलाई, 2024 से लागू हो गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 23 (2) के तहत, प्रथम वर्ग के मजिस्ट्रेट का न्यायालय तीन साल से कम समय अवधि के कारावास या पचास हजार रुपये से अनधिक के जुर्माने या दोनों या सामुदायिक सेवा की सजा दे सकता है। इसके अलावा, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 23(3) के तहत, द्वितीय वर्ग के मजिस्ट्रेट का न्यायालय एक साल से कम समय अवधि के कारावास या दस हजार रुपये से अनधिक के जुर्माने या दोनों या सामुदायिक सेवा की सजा दे सकता है। कुछ अधिनियमों के तहत जैसे परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881, जिसके तहत चेक बाउंस मामलों में शामिल राशि जुर्माने से बहुत अधिक हो सकती है, में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 23 (2) और 23 (3) के तहत निर्धारित जुर्माने की अधिकतम सीमा के कारण जुर्माना लगाने का उद्देश्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए, मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना बढ़ाया गया है। उपरोक्त प्रावधानों के तहत जुर्माने की अधिकतम सीमा भी सजा के अनुरूप नहीं है जो उपरोक्त प्रावधानों के तहत लगाई जा सकती है। इसलिए, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 23 (2) और 23 (3) के तहत निर्धारित जुर्माने की सीमा को बढ़ाना आवश्यक हो गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2024 जो कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 23 (2) और 23 (3) के तहत प्रथम वर्ग और द्वितीय वर्ग के मजिस्ट्रेट द्वारा लगाए जा सकने वाले जुर्माने की सीमा को बढ़ाने और उससे जुड़े या उसके अनुषंगिक मामलों के लिए आवश्यक है।

## कृषि भूमि पट्टा विधेयक, 2024 पारित

कृषि भूमि को पट्टे पर देने की मान्यता के लिए एक तंत्र प्रदान करने हेतु, कृषि भूमि को पट्टे पर देने की अनुमति देने, उसे सुगम बनाने, भूमि स्वामियों के अधिकारों को संरक्षित करने हेतु और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए उपबंध करने हेतु हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक, 2024 पारित किया गया। कृषि भूमि को पट्टे पर देने के लिए प्रक्रिया तथा औपचारिक मान्यता देने, कृषि भूमि को पट्टे पर देने की अनुज्ञा देने तथा सुकर बनाने हेतु, निष्पक्षता सुनिश्चित करने तथा उसके द्वारा कृषि दक्षता को सुधारने हेतु, पट्टे पर कृषि भूमि की जुताई करने वाले किसानों को मान्यता देने, जो क्रेडिट संस्थाओं, बीमा, आपदा राहत तथा भू-स्वामियों के स्वामित्व अधिकारों को संरक्षित करते समय सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई अन्य सहायक सेवाओं के माध्यम से ऋण के लिए उन्हें समर्थ बनाने हेतु तथा उससे संबंधित और उससे आनुषंगिक मामलों के लिए उपबन्ध करने हेतु विधेयक है। कृषि भूमि, भू-स्वामी द्वारा पट्टे पर दी जाती है। इस आशंका के कारण कि पट्टेदार कब्जा अधिकारों की मांग कर सकता है, पट्टाकर्ता अक्सर सामान्यतः प्रति वर्ष पट्टेदार बदल देता है या उसे बंजर रख देता है, जिससे कृषि उत्पादन को हानि होती है। उपरोक्त वर्णित तथ्यों के कारण, पट्टाकर्ता अपनी भूमि को लिखित रूप में पट्टे पर देने में संकोच करता है और पट्टेदार के साथ अलिखित समझौते को प्राथमिकता देता है। इसके परिणामस्वरूप, पट्टेदार प्राकृतिक आपदा के समय केंद्र अथवा राज्य सरकार से मिलने वाली किसी राहत राशि को पाने से वंचित कर दिया जाता है तथा फसल ऋण लेने में अक्षम है। भूमि संसाधनों के अधिकतम उपयोग करने तथा पट्टाकर्ता व पट्टेदार दोनों के हितों की रक्षा करने हेतु, पट्टा-राशि पर भूमि देने की कानूनी व्यवस्था आवश्यक प्रतीत होती है।

**हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक (सेवा की सुनिश्चितता), विधेयक, 2024**
विस्तार प्राध्यापकों तथा अतिथि प्राध्यापकों की सुनिश्चितता हेतु और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए उपबंध करने हेतु हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक (सेवा की सुनिश्चितता), विधेयक, 2024 पारित किया गया। वर्तमान में, 184 राजकीय महाविद्यालय हैं जिनमें लगभग 02 लाख छात्र स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन की मजबूत नींव: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर: हरियाणा सरकार में** पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के अंतर्गत जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में जगाधरी, प्रतापनगर व मंडल छछरौली के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकें कर उनका सदस्यता अभियान के लिए उनका हौसला बढ़ाते हुए मार्गदर्शन किया। मंगलवार को यह जानकारी देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने बताया कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में हजारों भाजपा सदस्य बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन को बूथ कार्यकारिणी, से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत करना है इसलिए जगाधरी विधानसभा क्षेत्र से सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता, इस सदस्यता अभियान में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी निभाए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएं। उन्होंने कहा कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने 250 नए सदस्य मिस्ड कॉल नम्बर 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके व नमो एप के माध्यम से रैफरल कोड एम.एच.ओ.एन.जे.एच भरकर अवश्य बनाने हैं और यह सदस्यता कार्य प्रारंभ हो चुका है। भाजपा के संगठन में विचारधारा का बड़ा महत्व है। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व पार्टी के संविधान और परंपरा पर भाजपा का संगठन चलता है। पार्टी का सदस्यता अभियान संगठन की नींव है। भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा प्रदेश सहित पूरे देश में लगातार लोकप्रियता बढ़ रही है। जनता को भाजपा पर अटूट विश्वास है। उन्होंने सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया की भाजपा सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें।

### किसानों ने लगाई पराली में आग, एसडीएम ने मौके पर जाकर बुझाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** पराली जलने से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने को लेकर अधिकारी भी फील्ड में उतरे हुए हैं। जिले के उपमंडल रतिया के एसडीएम जगदीश चन्द्र ने मंगलवार को अनेक गावों का दौरा कर खेतों में पराली को लगी आग बुझाने खुद मौके पर पहुंचे और लोगों को जागरूक किया। उन्होंने गावों हमजापुर, अहरवां, ब्राह्मणवाला, रोजावाली, लाम्बा, घासवा और चिम्मो में पराली को आग न लगाने बारे जागरूक किया और खेतों में जाकर पराली को लगी आग को बुझाया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों, ग्राम सचिव, कानूनगो, पटवारियों, सरपंचों व नंबरदारों को सूचित किया और कड़ी निगरानी रखने को कहा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे सरकार की और से क्रियान्वित की जा रही फसल अवशेष प्रबंधन योजना का लाभ उठाएं। किसान कृषि यंत्रों से धान की पराली को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ा सकते है। एसडीएम जगदीश चन्द्र ने कहा कि खुले क्षेत्रों, सड़कों, पिछवाड़े में किसी भी प्रकार के अपशिष्ट पदार्थों जिसमें कचरा, पत्ते, प्लास्टिक, रबर और अन्य दहनशील पदार्थों को जलाना प्रतिबंध है, जो वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ावा देने में योगदान करते हैं, जिससे हवा में कण पदार्थ और जहरीली गैसों की सांद्रता बढ़ जाती है। ऐसी गतिविधियों पर भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी आदेशो का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों या समूहों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जींद में प्रदूषण के विरूद्ध डीसी का संदेश, साइकिल पर पहुंचे दफ्तर

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** पिछले कई दिनों से वातावरण में फैले प्रदूषण पर अंकुश लगाने की दिशा में कारगर कदम उठाते हुए जिला जींद के उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को एक अनूठी एवं प्रेरणादायक पहल की है। जिसमें आज वे अपनी सरकारी गाड़ी के बजाए अपने आवास से साइकिल से कार्यालय पहुंचे ताकि बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके। कार्यालय पहुंचने पर उन्होंने मिडिया प्रतिनिधियों से रुबरू होते हुए बताया कि वर्तमान समय में प्रदूषण काफी बढ़ गया है जिसके चलते जिला प्रशासन की और से सरकारी एवं अर्धसरकारी स्कूलों में अवकाश के भी निर्देश दिए गए है और आज इसी कड़ी में वह साईकल से कार्यालय आए है। उन्होंने कहा कि वें जिलावासियों के साथ-साथ सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों से आह्वान करते हैं कि वें भी बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर साइकिल अथवा पैदल ही आवाजाही करें ताकि वातावरण को बेहतर बनाया जा सके।

## जीत के बाद पहली बार भाजपा ने बुलाई विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर मुहर लगाकर तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि की जनता ने तय कर लिया है कि अब हरियाणा में आगे भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में विधानसभा चुनाव के लिए बनी भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में उन्होंने भाजपा की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा की पूरी टीम ने कड़ी मेहनत की जिस कारण हमारी तीसरी बार सरकार बनी। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, संजय भाटिया, सुभाष बराला आदि के अलावा तमाम पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में केन्द्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन मिला और हरियाणा में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जितने भी जनहितैषी काम हमारी सरकार ने किए हैं अब उनसे तीन गुणा काम करके हमें दिखाना है। मुख्यमंत्री ने पार्टी के उन सभी 34 विभागों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भी जमकर प्रशंसा की, जो चुनाव प्रबंधन के लिए बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारियां दी गई थी उन सभी जिम्मेदारियों को कार्यकर्ताओं ने पूरी ईमानदारी से निभाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने बूथ पर मजबूत लड़ाई लड़ी है। सभी कार्यकर्ता की मेहनत के कारण आज हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों का सम्मान पूरे देश में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस पार्टी में ही टक्कर थी कोई दूसरा दल तो दिखाई ही नहीं दे रहा था। कांग्रेस ने चुनाव में अफवाहें उड़ाई कि कांग्रेस की सरकार बन रही है। कांग्रेस ने अफवाहों को सिद्ध करने का प्रयास भी किया, लेकिन हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को नकारकर भाजपा को चुना। मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र के बारे में जानकारी देते हुए, बताया कि चार दिन का सत्र चला और हमने एक-एक शब्द का जवाब दिया। विपक्ष हवा में था और अब विपक्ष की हवा भी निकल चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनहित में जो भी काम कार्यकर्ताओं को दिए जाएं उन्हें वे एकजुटता से पूरा करें। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन जनसेवा है, इसलिए हमें अपनी सकारात्मक बातें करनी है।

**जनहितैषी**
▶▶ मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा - विपक्ष हवा में था और अब विपक्ष की हवा निकल चुकी है

## नौकरी के लिए 70 फीसद दिव्यांग खुद चलकर पहुंचा मेडिकल करवाने

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद :** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में दिव्यांग युवक स्वयं चलकर अपना सरकारी नौकरी के लिए मेडिकल करवाने आया। चिकित्सक ने शक के आधार पर ऑब्जेक्शन लगा दिया। इस पर सीएमओ डॉ. गोपाल गोयल ने कड़ा संज्ञान लिया और मेडिकल ऑफिसर डॉ. योगेश की शिकायत के आधार पर एक कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए हैं। इसकी रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, नागरिक अस्पताल में इन दिनों ग्रुप सी और डी में चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल हो रहे हैं। इसी क्रम में एक युवक अस्पताल में मेडिकल करवाने पहुंचा। जिसके पास 70 प्रतिशत दिव्यांगता का मेडिकल प्रमाणपत्र था। जब चिकित्सक को युवक की दिव्यांगता पर शक हुआ तो उसकी दिव्यांगता जानने का प्रयास किया लेकिन युवक टाल-मटोल कर गोलमोल जवाब देने लगा। इसके बाद चिकित्सक ने उसके मेडिकल के लिए लगाए गए कागजातों पर ऑब्जेक्शन लगा दिया और मामले को उच्च अधिकारियों से अवगत करवाया। युवक को यह दिव्यांगता प्रमाणपत्र जींद अस्पताल ने जारी किया गया है। चिकित्सक की शिकायत के आधार पर सीएमओ डॉ. गोपाल गोयल ने लिया।

**जांच के आदेश**
▶▶ चिकित्सक ने शक के आधार पर ऑब्जेक्शन लगा दिया। इस पर सीएमओ ने कड़ा संज्ञान लिया

## एक्टिंग नहीं, अब प्रोटेम स्पीकर शब्द का होगा प्रयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की पंद्रहवीं विधानसभा के पहले दिन उठे एक्टिंग या प्रोटेम स्पीकर के मामले में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सत्र के अंतिम दिन रूलिंग दी है। मंगलवार को दी गई इस रूलिंग के अनुसार अब हरियाणा विधानसभा में एक्टिंग स्पीकर के स्थान पर प्रोटेम स्पीकर शब्द का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा सरकार के सचिव को आदेश दिए जाएंगे। राज्यपाल के साथ पत्राचार में एक्टिंग स्पीकर के स्थान पर प्रोटेम स्पीकर शब्द का प्रयोग करने के निर्देश दिए जाए।

## खेतों में हाई टेंशन लाइनों के लिए किसान हित में मुआवजा नीति लागू: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में किसानों के खेतों से गुजरने वाली हाई टेंशन बिजली की लाइनों के लिए मुआवजा नीति बनाई हुई है। इस नीति के तहत किसान को टावर एरिया की जमीन के लिए मार्केट रेट का 200 प्रतिशत मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, खेत से गुजरने वाली लाइन के नीचे की भूमि के लिए भी किसानों को मार्केट रेट का 30 प्रतिशत मुआवजे का प्रावधान है। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा विधानसभा के सत्र के दौरान सदन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़े लम्बे समय से किसानों की मांग थी कि उनके खेतों से गुजरने वाली हाई टेंशन लाइनों के नीचे की जमीनों पर न तो कोई फसल होती थी और न ही उन्हें कोई उचित मुआवजा मिल पाता था। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भारत सरकार में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का पद सम्भालते ही सबसे पहले किसानों के हक में केंद्र सरकार की इस नीति को लागू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के तहत मुआवजा के लिए टावर बेस एरिया से 1 मीटर की परिधि तक की जमीन की गणना की जाती है। उन्होंने कहा कि एसडीएम की अध्यक्षता में एक यूजर कमेटी बनाई हुई है, जो अपनी रिपोर्ट जिला उपायुक्त को सौंपती है। यदि किसी किसान को किसी प्रकार की कोई समस्या होती है, तो वह अपनी अपील मण्डल आयुक्त के पास कर सकता है। नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि मुआवजे के लिए, जमीन के कलेक्टर रेट को नहीं बल्कि मार्केट रेट को आधार माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झज्जर के किसानों ने उनके खेतों के ऊपर से गुजरने वाली हाई टेंशन तारों के सम्बन्ध में उनसे मुलाकात की थी और राजस्थान से बड़ी लाइन आने की समस्या से अवगत कराया था। नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए हमारी सरकार ने तत्परता से काम किया है।

**नीति**
▶▶ खेत से गुजरने वाली लाइन के नीचे की भूमि के लिए भी मार्केट रेट का 30 प्रतिशत मुआवजा

## 7,000 लाभार्थियों को आवंटित प्लॉटों का कब्जा प्रमाण पत्र वितरित किए गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सदन में लाये गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए बताया कि "महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना 2008 में अनुसूचित जातियों, पिछड़ी जातियों और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों को 100 वर्ग गज के प्लॉट प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। परंतु विभिन्न कारणों से कुछ लाभार्थियों को आवंटित किए गए प्लॉटों का कब्जा नहीं दिया जा सका था। वर्तमान सरकार द्वारा स्थापित किए गए हॉउसिंग फॉर ऑल विभाग के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में "मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना" का शुभारंभ किया गया। इस योजना के अंतर्गत गत 10 जून 2024 को राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लगभग 7,000 लाभार्थियों को आवंटित प्लॉटों का कब्जा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए तथा अन्य पात्र लाभार्थियों को आवंटित प्लॉटों का कब्जा शीघ्र अति शीघ्र देने हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पंवार ने आगे बताया कि "महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना" के तहत कई लाभार्थियों को प्लॉट आंवटित नहीं हो सके थे जिसे ध्यान में रखते हुए हॉउसिंग फॉर ऑल के द्वारा "मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना-विस्तार" का शुभारम्भ किया गया जिसके तहत भूमिहीन ग्रामीण परिवारों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें 50 वर्ग गज / 100 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट प्रदान किए जाएंगे। इस योजना को तीव्र गति से लागू करने के लिए प्रथम चरण में लगभग 1,000 ग्राम पंचायतों को चिंहित भी किया जा चुका है एवं इन पंचायतों ने पात्र परिवारों को पंचायती भूमि में से प्लॉट काटने का प्रस्ताव भी पास करके राज्य सरकार को दिया है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग महिला चौपालों की अवधारणा करें तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिला चौपाल की अवधारणा की रूपरेखा जल्द से जल्द तैयार की जाए। महिला चौपालों में महिलाओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। साथ ही, महिला चौपालों में स्थानीय ग्राम पंचायत की महिला सरपंच, पंच, ब्लॉक समिति सदस्य जैसे जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। जहां तक संभव हो इन चौपालों को आंगनबाड़ी केंद्रों के नजदीक बनाने का प्रयास किया जाए। श्रीमती श्रुति चौधरी कल देर सांय यहां महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड में कार्यरत जिला परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों के कार्यों व गतिविधियों की मुख्यालय स्तर पर अवश्य मॉनिटरिंग हो और की गई कार्रवाई की पाक्षिक रिपोर्ट उन्हें भिजवाना सुनिश्चित करें। श्रीमती चौधरी ने सरकारी योजनाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेषकर विभाग की योजनाओं, नीतियों एवं गतिविधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए जाने पर बल दिया। ताकि राज्य में विकास कार्यों को ओर गति दी जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग में खाली पदों को भरने का काम भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए। बैठक में विभाग के अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री द्वारा विभाग से संबंधित 63 घोषणाएं की गई जिनमें से 56 पूरी हो चुकी हैं। शेष पर कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने अधिकारियों को सचेत किया कि उन्हें विभाग के अधिकारियों के कार्यों के प्रति लापरवाही व अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

## बिना परमिशन शहरों में पोस्टर चिपकाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में सदन को अवगत करवाया कि प्रदेश में निजी व्यक्तियों, संस्थाओं, प्रतिष्ठानों और अन्य लोगों द्वारा अपने स्वयं के व्यवसाय के विज्ञापन के लिए सार्वजनिक/भवनों पर पोस्टर और फ्लेक्स चिपकाना हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1989 और हरियाणा नगरपालिका अधिनियमों के तहत एक अवैध गतिविधि है। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि विभाग सभी शहरों में 10-15 दिनों के अंदर-अंदर मैगा सफाई




ड्राइव अभियान चलाएगा और जहां भी अवैध रूप से पोस्टर, स्टिकर व अन्य विज्ञापन सामग्री लगाई गई है, उसे हटा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा नगरपालिका अधिनियम 1973 और हरियाणा नगरपालिका अधिनियम 1994 के प्रावधानों के अनुसार, नगरपालिका प्राधिकारी अर्थात नगर निगम के मामले में आयुक्त और नगर परिषद/समिति के मामले में कार्यकारी अधिकारी/सचिव की पूर्व अनुमति के बिना नगरपालिका सीमा के भीतर विज्ञापन करना प्रतिबंधित है। विपुल गोयल ने बताया कि इसके अतिरिक्त, सरकार ने नगरपालिका क्षेत्रों में विज्ञापनों के कानूनी तरीके को विनियमित करने और अनुमति देने के उद्देश्य से 15 जुलाई,2022 को हरियाणा नगरपालिका विज्ञापन उपनियम 2022 अधिसूचित किया है। इन उपनियमों के तहत सरकारी संस्थाओं/एजेंसियों की संपत्तियों पर विज्ञापन की अनुमति केवल खुली ई-नीलामी के माध्यम भी दी जा सकती है, जिसके लिए 11 अक्टूबर,2022 को एक ऑनलाइन पोर्टल भी लॉन्च किया गया है। उपनियम 22 के अनुसार, अनधिकृत विज्ञापन हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1989 के तहत भी दंडनीय है। इस संदर्भ के लिए प्रासंगिक प्रावधानों को नीचे पुनः प्रस्तुत किया गया है, प्राधिकृत आउटडोर मीडिया डिवाइस (ओ.एम.डी) की सम्पूर्ण सूची व्यापक तौर पर जनसाधारण तथा विभिन्न अभिकरणों जैसे कि कंपनियों अभिकरणों द्वारा संवीक्षा के लिए स्वामित्व के प्रदर्शन के बिना प्रदर्शित की जाएगी, ब्रांडों की पहचान तथा सुनिश्चित करने हेतु कि उन द्वारा जारी किए जा रहे विज्ञापन केवल प्राधिकृत ओएमडी पर लगाए जा रहे हैं।

**अवैध**
▶▶ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1989 और हरियाणा नगरपालिका अधिनियमों के तहत एक अवैध गतिविधि है

# निरंकारी समागम का समापन, असीम से जुड़कर जीवन के हर पहलू का विस्तार करें

## ब्रह्मज्ञान द्वारा परमात्मा को जानने के उपरांत जब हम इससे जुड़ते हैं तो जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक विस्तार होता चला जाता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा, (कुलदीप सिंह )** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के अंतिम दिन अमृतमयी प्रवचनों के माध्यम से दिव्य संदेश में कहा कि परमात्मा असीम है और इससे जुड़ने वाला हर पहलू असीम होता चला जाता है। ब्रह्मज्ञान द्वारा परमात्मा को जानने के उपरांत जब हम इससे जुड़ते हैं तो जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक विस्तार होता चला जाता है।

सोमवार की रात्रि को तीन दिवसीय निरंकारी संत समागम का भक्तिभावपूर्ण वातावरण में सफल समापन हुआ। सतगुरु माता जी ने इस दौरान अज्ञानता से उत्पन्न भेदभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में जाति, जीवनशैली, और निवास स्थान जैसे मुद्दों को लेकर भेदभाव होता है। जबकि ब्रह्मज्ञानी संत समदृष्टि के भाव से इन संकीर्णताओं से ऊपर उठकर जीवन जीते हैं।



सतगुरु माता जी ने भक्ति में भोले भाव की महत्ता बताते हुए कहा कि परमात्मा भोले भाव से रिझता है। चेतन और सजग रहते हुए भक्त भ्रम और भ्रांतियों से प्रभावित नहीं होते। उन्होंने श्रद्धालुओं से समागम में ग्रहण की गई शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

बहुभाषी कवि दरबारः अद्वितीय रचनाओं का संगम निरंकारी संत समागम के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण बहुभाषी कवि दरबार रहा जिसमें देश-विदेश के 19 कवियों ने विस्तार-असीम की ओर विषय पर हिंदी, पंजाबी, मुल्तानी, हरियाणवी और अंग्रेजी भाषाओं में प्रेरणादायक ज्ञानवर्धक रचनाएं प्रस्तुत कीं। इसके अतिरिक्त, बाल कवि दरबार और महिला कवि दरबार जैसे आयोजन भी समागम की विशेषताएं रहीं जिनमें बाल कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भावनाओं को अभिव्यक्त किया। लंगर में सारा संसार एक परिवार की सजीव प्रस्तुति समागम परिसर में श्रद्धालुओं के लिए चार मैदानों में लंगर सेवा की व्यवस्था की गई, जिसमें एक साथ 20 हजार संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। दिव्यांग और वयोवृद्धों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। पर्यावरण के प्रति जागरूकता रखते हुए भोजन स्टील की थालियों में परोसा गया। लंगर के माध्यम से सारा संसार एक परिवार जैसा स्वर्गीय नजारा दिखाई दिया जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक सभ्यताओं और धार्मिकता से जुड़े श्रद्धालु भक्तों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

**चेतना**

▶▶ पर्यावरण के प्रति जागरूकता रखते हुए भोजन स्टील की थालियों में परोसा गया

# नगरपालिका ने प्रदूषण फैला रहे लोगों काटे 85 हजार के काटे चालान

**कार्रवाई**

▶▶ नपा सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि आदेशों की अवेहलना करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए एनजीटी ने ग्रेप 4 लागू कर दिया है। जिसके तहत अब निर्माण कार्यों पर लगाने के साथ ही खुले में भवन निर्माण सामग्री डालने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इस मामले में शिकायत के बाद नगर पालिका ने सड़क पर निर्माण सामग्री डालने व रोक के बावजूद निर्माण कार्य करने वाले 17 लोगों के चालान काटे हैं। सभी 17 लोगों पर 5-5 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं नगरपालिका ने 6 लोगों को नोटिस भी जारी किए हैं। एनजीटी ने एनसीआर में प्रदूषण को कम करने के लिए खुले में निर्माण सामग्री डालने तथा कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दे रखे हैं। नगर पालिका ने एनजीटी के आदेश मिलने पर लोगों को खुले में निर्माण सामग्री न डालने व कूड़ा न जलाने के अपील भी की, मगर लोग अब भी खुले में निर्माण सामग्री डालने से बाज नही आ रहे। जो हवा के साथ उड़कर प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहा है। पालिका अभियंता जयदेव शर्मा ने शहर का दौरा कर खुले में निर्माण सामग्री डालने वाले व प्रदूषण को बढ़ावा देने वाले लोगों को नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यदि फिर भी लोग आदेशों की अनुपालना नहीं की तो उनके भी चालान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नगरपालिका द्वारा शहर में लगातार पानी का छिड़काव भी करवाया जा रहा है। लोग एनजीटी के आदेशों की अनुपालना कर प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग करें। नपा सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि आदेशों की अवेहलना करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# शुगर मिल के 49वें पिराई सत्र की शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आज यहां शुगर मिल के 49वें पिराई सत्र की शुरूआत की। हवन-यज्ञ के बाद मंत्री ने मशीन में पिराई के लिए गन्ना डाला। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को मिल में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जायेगी और समय पर भुगतान किया जायेगा।

डा.अरविंद शर्मा ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार किसानों को देश में गन्ने का सर्वाधिक भाव दे रही है। उन्होंने बताया कि जिला के 232 गांवों में गन्ने की पैदावार की जा रही है। चीनी मिल इस समय मुनाफे में है। किसानों और मिल प्रशासन की मेहनत की बदौलत मिल को तीन बार पुरस्कार मिल चुका है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिये हर वर्ग को भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिये प्रयासरत हैं। सरकार ने हाल ही में 26 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने खर्ची-पर्ची सिस्टम को खत्म करके मेरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं। आने वाले समय में दो लाख युवाओं का नौकरियां दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 33 हजार पंजीकृत समितियां है।

**पिराई सत्र**

▶▶ आने वाले समय में दो लाख युवाओं का नौकरियां दी जायेंगी। 33 हजार पंजीकृत समितियां है

# विधानसभा में फिर गूँजी सोनीपत की आवाज

**मांग**

▶▶ मदान ने सेक्टर 3 में प्रस्तावित नई ऑटो मार्केट को पूरी तरह से विकसित कर जल्द से जल्द शुरू करने की माँग रखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** मंगलवार को हरियाणा विधानसभा में शीतकालीन सत्र में सोनीपत की आवाज फिर से सुनाई दी। सोनीपत विधायक निखिल मदान ने विधानसभा में शहर के बहालगढ़ रोड़ पर सेक्टर 3 में प्रस्तावित नई ऑटो मार्केट को पूरी तरह से विकसित कर जल्द से जल्द शुरू करने की माँग रखी। निखिल मदान ने कहा कि ऑटो मार्केट के लिए एच एस वी पी विभाग द्वारा सेक्टर 3 में जगह चिन्हित करके दी जा चुकी है। अब वहाँ दुकानों के मूल्य निर्धारित करने और उनकी नीलामी करवाने का कार्य बाकी है , उनकी मांग है कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। वर्तमान में 350 के लगभग दुकानदार नई ऑटो मार्केट में दुकान लेने के लिए तैयार है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि पुरानी ऑटो मार्केट के सेक्टर 3 नई ऑटो मार्केट में शिफ्ट होने के बाद दुकानदारों और शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से स्थायी राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलेगी।



गौरतलब है कि इससे पूर्व में भी विधानसभा सत्र के दौरान विधायक निखिल मदान ने सोनीपत शहर के प्रमुख मुद्दों को विधानसभा में मजबूत तरीके से रखा था। जिसमें मुख्य तौर पर मिशन चौक की तरफ उतरने वाले आर ओ बी को चौड़ा करने , सोनीपत तक मेट्रो रेल एवं रैपिड मेट्रो सेवा का विस्तार एवं सोनीपत बस स्टैंड को शहर से बाहर शिफ्ट करने, सामान्य अस्पताल के नवीनीकरण और चिकित्सकों की कमी पूरी करना शामिल था।

# टावर एरिया की जमीन के लिए मार्केट रेट का 200 प्रतिशत मुआवजे का प्रावधान

**टीम एक्शन इंडिया**
फतेहाबादः जिले के शहर रतिया के एक वकील को स्टॉक ट्रेडिंग में इन्वेस्ट कर अच्छा रिटर्न मिलने का लालच देकर साइबर ठगों ने उससे लाखों रुपये ऐंठ लिए। इस बारे में पीड़ित वकील द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई गई, जिसके बाद अब मंगलवार को साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रतिया के सहनाल रोड, न्यू टाऊन निवासी दमन गर्ग ने कहा है कि वह रतिया कोर्ट में एडवोकेट है। 25 अगस्त को उसके मोाबइल पर व्हाटसएप्प कॉल आई, जिसने अपना नाम ऐना स्मिथ बताया। उसने कहा कि वह स्टॉक ट्रेडिंग की जानकारी देते हैं और उनकी एक मोये मैक्स नाम से मोबाइल एप्प है। वह उस एप्प पर रजिस्ट्रेशन कर उसमें रुपये डिपोजिट कर दे तो उसे अच्छा रिटर्न मिलेगा। वह इससे रोज 20-25 प्रतिशत कमीशन कमा सकता है।

# जिलेभर के समाधान शिविरों में आई 17 शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिले भर में समाधान शिविरों का आयोजन किया रहा है। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 17 शिकायतें आई, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 6 शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शिकायतों को सुना। यहां कुल 6 शिकायतें आई, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया और 2 शिकायतें अभी लंबित हैं । घरौंडा नगरपालिका कार्यालय में 2 शिकायतें आईं, जिनका समाधान कर दिया गया। असंध नगरपालिका में 5 शिकायतें आईं, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया।



# सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत कई स्कूलों की बसों का किया औचक निरीक्षण

**सेफ्टी**

▶▶ निरीक्षण के फस्ट एड बाक्स, अग्निपुत्र, सीसीटीवी कैमरे, कन्डैक्टर लाइसेंस आदि नहीं पाए गए



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी व मांगे राम की अध्यक्षता में गठित टीम ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत कई स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया। आयोग की सदस्य मीना कुमारी व टीम में शामिल सदस्यों ने औचक निरीक्षण के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल, ज्योतिसर की स्कूल की बस को चैक किया। हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, ज्योतिसर की 5 बसों का बड़ी गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बसों में फस्ट एड बाक्स, अग्नियंत्र, सीसीटीवी कैमरे, कन्डैक्टर लाइसेंस आदि नहीं पाए गए। नियमों की अवहेलना करने पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत चालान की प्रक्रिया अमल में लाई गई। इसके साथ ही हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग हरियाणा के सदस्यों द्वारा जिला कुरुक्षेत्र में कार्य रहित बसों का निरीक्षण किया गया जिसमें विजडम वर्ल्ड स्कूल, महाराणा प्रताप स्कुल, धन्ना भगत स्कूल व सेठ नवरंग जय राम गल्जर्स कालेज, लौहार माजरा की स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यहां पर भी फस्ट एड बाक्स, अग्निपुत्र, सीसीटीवी कैमरे, कन्डैक्टर लाइसेंस आदि नहीं पाए गए। उक्त सभी स्कूल बसों का आयोग की सदस्य द्वारा चालान करने के आदेश दिए गए। इसके साथ ही सभी स्कुल प्रबंधक संचालकों को निर्देश दिए गए कि तीन दिन के अन्दर-2 अपनी सभी बसों का सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत जो निर्धारित मापदंड है उसके तहत स्कूली वाहनों को दुरुस्त करवाएं। उन्होंने कहा कि स्कूल बच्चों की सुरक्षा के साथ लापरवाही करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस दौरान सभी वाहन चालकों, परिचालकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरुक भी किया ताकि नियमों की पालना करते हुए सडक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि आगे भी स्कूलों में बसों का औचक निरीक्षण करने का कार्य किया जाएगा, यदि लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) कुरुक्षेत्र के प्रतिनिधि जय कुमार, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार, चेयरमैन सी.डब्ल्यू.सी गुरनाम सिंह, एस.एच.ओ सिटी ट्रैफिक सुनील कुमार, एम.वी.ओ इन्दु शर्मा, डी.सी.पी.ओ अर्चना कुमारी सदस्य सी.डब्ल्यू.सी जोगिन्द्र सिंह, परिवहन निरीक्षक आर.टी.ए गजे सिंह, फायर अधिकारी मौजूद रहे।

# निगम ने कूड़े में आग लगाने वाले 11 व्यक्तियों के किए चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए नगर निगम करनाल गम्भीरता से कार्य कर रहा है। इसके लिए बनाई गई विभिन्न टीमें अपने-अपने क्षेत्र में दौरा कर प्रदूषण फैलाने वाली ईकाईयों व व्यक्तियों पर नकेल कस रही हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि बीते दिनों निगम अधिकारियों व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण गतिविधियों पर रोक तथा कूड़े में आग न लगने को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए थे।



खुले में निर्माण गतिविधि करने वालों को जारी किए 41 नोटिस- उन्होंने बताया कि भवन शाखा की टीम ने शहर में निर्माण गतिविधियां करने वाले 41 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। यह नोटिस उन्हें निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे बजरी, रेत, मिट्टद्दी, कोर्स सैंड व डस्ट इत्यादि को कवर करके नहीं रखे जाने पर जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त वह भवन का निर्माण भी बिना ढके कर रहे थे। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा मौके पर ही सम्बंधित भवन मालिक से निर्माण सामग्री को कवर करवाया गया। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति दोबारा उल्लंघन करते पाया गया, तो राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमानुसार उसका चालान किया जाएगा।

कूड़े में आग लगाने के किए 11 चालान- उन्होंने बताया कि कूड़े में आग न लगने को लेकर निगम की टीमे सतर्क होकर कार्य कर रही हैं। इसे लेकर सफाई शाखा शहर में निरंतर निगरानी बनाए रखे हैं। उन्होंने बताया कि कूड़े में आग लगाने को लेकर 11 व्यक्तियों को पकड़ा गया और उनके मौके पर ही चालान किए गए तथा उन पर 6 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अतिरिक्त सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद प्रयोग करने वाले 9 दुकानदारों के चालान किए गए थे और उन पर 4 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त खुले में कूड़ा गिराने पर एक रेहड़ी को भी जब्त किया गया है।

**टीम सतर्क**

▶▶ उन्होंने बताया कि कूड़े में आग न लगने को लेकर निगम की टीमे सतर्क होकर कार्य कर रही हैं।

# राई हलके में सभी सड़कों की रिपेयरिंग का काम भी जल्द कराने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** हरियाणा विधानसभा सत्र के चौथे दिन राई विधान सभा की विधायक कृष्णा गहलावत ने हल्के की मुख्य मांगों को विधानसभा में उठाते हुए समाधान की मांग की। विधायक गहलावत ने बताया कि कुंडली गांव में एक ट्रामा सेंटर व 100 बेड का अस्पताल जरूर बनाया जाए क्योंकि मेरे हल्के में एक भी अच्छा हस्पताल नहीं है। ये लोगों की बहुत बड़ी जरूरत व मांग है। इससे लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इसके अलावा अटेरना गांव में एक कॉलेज बनवाने की मांग रखी ताकि क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा मिल सके। विधायक ने बताया कि उनके क्षेत्र में उद्योग बड़े स्तर पर लगे हुए है। इसलिए उच्च स्तर की आईटीआई का निर्माण जाखौली गांव में किया जाए ताकि बच्चे उच्च स्तरीय तकनीक से शिक्षित होकर रोजगार प्राप्त कर सकें। राई हलके की सभी सड़कों की रिपेयर करवाई जाए और उनको चौड़ा किया



# विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिये। किसी भी योजना में सुधार के लिये कोई सुझाव है तो उसे जरूर बतायें। योजना में संशोधन कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी राज्य का उद्देश्य भी गरीबों, जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। नियम-कानून जनता के भले के लिये बनाये जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी विकासात्मक परियोजनाओं की गति तेज करें और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को समय पर दें तथा जनता के सेवक बनकर कार्य करें।



केंद्रीय मंत्री आज यहां जिला सचिवालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा)की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के एजेंडे में शामिल 30 योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम 12 फरवरी की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने एमपीएलएडीएस (सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना) के तहत लंबित 68 कार्यों के बारे में जानकारी मांगी। इस पर अधिकारियों ने बताया कि 30 कार्य 3 महीने में और 38 कार्य 6 महीने के भीतर पूरे कर लिये जायेंगे। तरावड़ी में श्मशान घाट की चारदीवारी का मामला कोर्ट में लंबित है। इस पर मनोहर लाल ने कहा कि राजस्व रिकार्ड से जमीन के स्वामित्व का पता लगाया जाये। आवश्यक हो तो जमीन को खरीदा जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस मामले को हल करने के लिये यथा संभव कदम उठाये जायें।

उन्होंने मनरेगा के तहत आने वाले शिकायतों के निपटारे के लिये एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिये। देहात में कुछ शौचालयों का पैसा अभी तक पात्र लोगों को न मिलने पर केंद्रीय मंत्री ने मामले को गंभीरता से लिया।

**कमेटी गठित**

▶▶ सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिये: मनोहर लाल

## संपादकीय

# बच्चों के अधिकारों का हो सम्मान

**बाल दिवस** केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यप्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकारह्न विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

# प्रधानमंत्री की वैश्विक लोकप्रियता और सम्मान

मृत्युंजय दीक्षित

> अमेरिका ने भारत की 1440 वह कलाकृतियां वापस कर दी हैं जिन्हें कभी चुराकर बाजार में बेचा गया था। भारत सरकार ब्रिटेन में गिरवी रखा गया सोना वापस लाने में सफल रही है।भारत की ताकत ने ही भारत और चीन के मध्य शांति वार्ता का रास्ता खोला है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना की धमक पूरे विश्व में सुनाई पड़ रही है। यह देखकर आश्चर्य हो सकता है कि भारत में विरोधी दलों के अनर्गल प्रचार के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से आज विश्व भर में सनातन का सूर्योदय हो रहा है

**लोकसभा चु**नाव 2024 में भाजपा की सीटें कम रह जाने पर देश में निराशा का वातावरण था और विरोधी दल गठबंधन सरकार अब गई तब गई का कयास लगाकर इस निराशा को बढ़ाया करते थे किंतु हरियाणा विधान सभा चुनावों ने देश को उस निराशा से उबार लिया। विपक्ष की सरकार को लेकर की जा रही सभी राजनैतिक बयानबाजियों के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की लिए संकल्पवान होकर एक सच्चे कर्मयोगी की तरह अपने काम में लगे हैं और विदेश यात्राएं भी कर रहे हैं। विदेश यात्राओं में प्रधानमंत्री मोदी भारत की विकास यात्रा का वर्णन करते हुए विभिन्न राष्ट्रों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने का सफल प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार शपथ ग्रहण के साथ ही त्वरित गति से अशांत वैश्विक वातावरण को शांत करने के अभियान में लग गये हैं। पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है क्योंकि ऐसा मन जा रहा है कि नरेन्द्र मोदी ही एकमात्र ऐसे नेता हैं जो रूस- यूक्रेन युद्ध का समापन करवा सकते हैं और इजराइल और अरब देशों के बीच बढ़ रहे तनाव को भी कम करवा सकते हैं। अपने तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी वैश्विक नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हैं।अमेरिका में रिपब्लिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शानदार वापसी से इस बात को और बल मिला है क्योंकि मोदी और ट्रंप के व्यक्तिगत सम्बन्ध बहुत अच्छे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक लोकप्रियता का नुमन इसी से लगाया जा सकता है कि अभी वे नाइजीरिया के दौरे पर हैं और उनको को नाइजीरिया सरकार ने अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार ह्यग्रैंड कमांडर आफ द आर्डर आफ द नाइजरह्न से सम्मानित किया है। इससे पूर्व यह सम्मान केवल ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ को ही मिला था। इसके साथ साथ उन्हें नाइजीरिया की राजधानी अबुजा की चाबी भी सौंपी गई है। प्रधानमंत्री मोदी का ही यह प्रयास था कि अफ्रीकी देशों के



विकास की गति को तीव्र बनाने के लिए उन्हें जी -20 समूह में शामिल कराया गया। नाइजीरिया के समाचार पत्रों में मोदी जी की यात्रा छाई हुई है यही हाल ब्राजील और गुयाना का भी है। प्रधानमंत्री मोदी को विगत सप्ताह ही कैरेबियाई देश डोमिनिका ने अपना सर्वोच्च सम्मान डोमिनिका अवार्ड ऑफ आनरह्न प्रदान करने की भी घोषणा की है।यह सम्मान कोविड -19 महामारी के दौरान डोमिनिका के लिए मोदी के योगदान और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने में उनके योगदान की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

डोमिनिकन सरकार का कहना है कि फरवरी 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने डोमिनिक को एस्ट्राजेनेका कोविड -19 वैक्सीन की 70 हजार खुराक की आपूर्ति की थी। प्रधानमंत्री मोदी को 14 देशों से 17 सम्मान मिल चुके हैं। इन सर्वोच्च नागरिक सम्मानों के अलावा उन्हें प्रसिद्ध वैश्विक संगठनों की ओर से भी कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता अरब देशों में भी है।अप्रैल 2016 में सऊदी अरब ने उन्हें अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देकर सम्मानित किया था और 2016 में ही अफगानिस्तान सरकार ने अफगानिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान स्टेट आर्डर आफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान से सम्मानित किया गया। 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने फिलिस्तीन यात्रा की और उन्हें ग्रैंड कालर ऑफ द स्टेट आफ फिलिस्तीन अवार्ड से सम्मानित किया गया जो जो विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के लिए फिलिस्तीन का सर्वोच्च सम्मान है।2019 में प्रधानमंत्री मोदी को यूएई के सर्वोच्च सम्मान आर्डर ऑफ जायद अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत और यूएई के मध्य घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है।रूस ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान आर्डर आफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से भी सम्मानित किया। 2019 में मालदीव ने भी मोदी जी को आर्डर आफ द डिस्टिंविश्वड रूल आफ मिशन इज्जुददीन से सम्मानित किया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2020 में लीजन आफ मेरिट से सम्मानित किया जो असाधारण सेवा और उपलब्धियों के लिए अमेरिकी सशस्त्र बलों द्वारा दिया जाने वाला सम्मान है। उन्हें मिस्र की सरकार ने भी सम्मानित किया। भूटान ने दिसंबर 2021 में पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द डुक ग्यालपो से सम्मानित किया। यह पुरसकार मार्च 2024 में भूटान की यात्रा के दौरान प्रदान किया गया। वहीं 13 जुलाई 2023 को फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉ की उपस्थिति में पीएम मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च पुरस्कार ग्रैंड क्रास ऑफ द लीजन ऑफ आनर से सम्मानित किया गया। प्राप्त होने वाले प्रत्येक सम्मान को प्रधानमंत्री मोदी 140 करोड़ देशवासियों का समर्पित करते हैं और कहते हैं कि यह 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व व उनके प्रति सम्मान का ही परिणाम था कि कतर में फांसी की सजा पाए आठ नागरिकों की सकुशल रिहाई हो सकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का ही प्रतिफल है कि आज कोई भी देश भारत के प्रति नकारात्मक विचार अधिक दिनों तक नहीं रख पा रहा है। यदि किसी देश की सरकार या कोई नेता भारत अथवा भारत की संस्कृति के विरुद्ध षड्यंत्र रचता है तो वह अंधकारयुग में प्रवेश कर जाता है। वर्तमान समय में बांग्लादेश और कनाडा इसका उदाहरण हैं। अपनी यात्राओ के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने का सफल प्रयास करने के साथ साथ भारत के पर्यटन उद्योग को सुदृढ़ करने और निवेश बढ़ाने के लिए भी विदेशी नागरिकों को भारत आमंत्रित करते हैं। अपनी ताजा यात्राओं में प्रधानमंत्री मोदी विदेशी अतिथियों को महाकुंभ-2025 में आने का निमंत्रण दे रहे हैं और बता रहे हैं कि प्रयगराज के पास ही अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि का भव्य मंदिर भी है तो उपस्थित समुदाय सहर्ष ही भारत माता की जय के नारे लगाने लगता है। प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को अलग थलग कर दिया है।

अमेरिका ने भारत की 1440 वह कलाकृतियां वापस कर दी हैं जिन्हें कभी चुराकर बाजार में बेचा गया था। भारत सरकार ब्रिटेन में गिरवी रखा गया सोना वापस लाने में सफल रही है।भारत की ताकत ने ही भारत और चीन के मध्य शांति वार्ता का रास्ता खोला है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना की धमक पूरे विश्व में सुनाई पड़ रही है। यह देखकर आश्चर्य हो सकता है कि भारत में विरोधी दलों के अनर्गल प्रचार के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से आज विश्व भर में सनातन का सूर्योदय हो रहा है ।

## कविता

### छल से कभी अच्छा नहीं रिश्ता बनता

नफरतों से प्यार का नही रास्ता बनता , छल से
कभी अच्छा नहीं रिश्ता बनता।

राग द्वेष हो छाया हुआ है चारों तरफ
ऐसे में कोई दिली नही रिश्ता बनता।

दुख का साथी भला कौन बनता है यहां,
बुरे वक्त में कोई किसी से नही वास्ता रखता।

ऊपरी तौर पर मिलते सब अच्छे से,
दिलों से दिल का नही रास्ता मिलता।

हर तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है यहां ,
भाई से भाई खास नही रिस्ता रखता।

रिश्ते प्यार अब हवा बातें हैं जनाब ,
मीठे बोल वाला नही सच्चा मिलता।

रिश्तों में दिखावट का जोर शोर हैं,
अपनों से अपना नही वास्ता रखता।

प्यार मोहब्बत नाते रिश्ते खो गए सब।
प्यार के अनमोल शब्द का नहीं वक्ता मिलता।

बूढा भी तरसता सुनने को बच्चों से मीठे बोल
मौत तो तय है सही जिंदगी का नही रास्ता मिलता।

संजीव

## संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**बुलडोजर** न्याय अक्सर उचित नोटिस या बचाव का मौका जैसी कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर देता है, जो संविधान में निहित निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को चुनौती देता है। हाल ही में हुए विध्वंस में, परिवारों को न्यूनतम नोटिस दिया गया, जो अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है। यह प्रथा निर्दोषता की धारणा का खंडन करती है, जहाँ व्यक्तियों को बिना किसी परीक्षण या दोषसिद्धि के दोषी माना जाता है, जो कानून के शासन का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश में, बिना किसी ठोस सबूत के केवल आरोपों के आधार पर संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया, सबूत के कानूनी मानकों की अवहेलना की गई। विध्वंस न केवल अभियुक्तों पर बल्कि परिवारों और समुदायों पर भी प्रभाव डालता है, जो सामूहिक दंड के विरुद्ध सिद्धांत का उल्लंघन करता है। मध्य प्रदेश में, एक सदस्य की कथित संलिप्तता के कारण विध्वंस ने परिवारों को बेघर कर दिया, जिससे निर्दोष आश्रित प्रभावित हुए। बुलडोजर न्याय कार्यकारी और न्यायिक भूमिकाओं को धुंधला कर देता है, क्योंकि प्रशासनिक निकाय अनुच्छेद 50 का उल्लंघन करने वाले न्यायालयों के लिए दंड निष्पादित करते हैं। न्यायालय के निदेशों के बिना संपत्तियों को ध्वस्त करना अधिकारियों को उनके दायरे से बाहर काम करते हुए दिखाता है, जो न्यायपालिका की भूमिका का उल्लंघन करता है। जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने उजागर किया है, उचित नोटिस या सुनवाई का अभाव प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जिससे उन्हें बचाव का कोई अवसर नहीं मिलता। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और अतिक्रमणों पर त्वरित कार्यवाही को बनाए रखता है। अनधिकृत संरचनाओं के त्वरित विध्वंस से शहरी विकास में देरी खत्म होती है और भूमि प्रबंधन प्रक्रियाएँ सुव्यवस्थित होती हैं। दिल्ली (2023) में, जहाँगीरपुरी जैसे क्षेत्रों में विध्वंस अभियान का उद्देश्य अवैध निर्माण की रिपोर्ट सामने आने के बाद सार्वजनिक स्थानों को जल्दी से पुनः प्राप्त करना था, जिससे शहरी विकास परियोजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। अवैध निर्माण के तत्काल परिणाम एक शक्तिशाली चेतावनी के रूप में कार्य करते हैं, जो भविष्य में उल्लंघन को हतोत्साहित करते हैं। अतिक्रमित क्षेत्रों का तेजी से पुनर्ग्रहण उनके उचित उपयोग को सुनिश्चित करता है, जिससे बेहतर शहरी शासन और सार्वजनिक उपयोगिता में योगदान मिलता है। निर्णायक कार्यवाही राज्य की कानूनों को बनाए रखने की क्षमता को मजबूत करती है, जिससे शासन में जनता का विश्वास बढ़ता है। लंबे समय तक चलने वाली कानूनी और नौकरशाही देरी को दरकिनार करके, यह लागत को कम करता है और भूमि विवादों के समाधान में तेजी लाता है। दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन (2023) की तैयारियों के दौरान, क्षेत्र को सुंदर बनाने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रमुख स्थलों के पास से अतिक्रमण को तेजी से हटाया गया।

## विचार

# भारतीय विशेषज्ञों का विदेश में सेवा देना कितना जरूरी

**संजीव**

**विगत क**ई दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी।

हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हर पल अनमोल

**विजय गर्ग**

**समय को लेकर** हमारा दृष्टिकोण हमेशा से गहरा और महत्त्वपूर्ण रहा है। 'गया समय कभी वापस नहीं आता, ' एक ऐसा तथ्य है, जिसे हम सब स्वीकार करते हैं, फिर भी अक्सर हम इसे नजरअंदाज करते हैं। समय की महत्ता को समझने के लिए हमें यह जानना जरूरी है कि हमारे जीवन में समय की कमी केवल एक वस्तुगत समस्या नहीं है, बल्कि यह हमारे सोचने और जीने के तरीके को भी प्रभावित करती है । भारतीय संस्कृति में समय को 'काल' के रूप में दशार्या गया है। गीता में कृष्ण ने कहा है: 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन', यानी आपका अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता करने में नहीं। इसके माध्यम से यह समझा जा सकता है कि हमें अपने कार्यों पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि समय के बीत जाने के साथ ही हम अपने जीवन जीने के उद्देश्यों को भी खो देते हैं। समय का सही उपयोग करना हमें आत्मनिर्भर और सफल बनाता है।

जब हम अपने कार्यों को टालते हैं या समय की अनदेखी करते हैं, तब हम वास्तव में अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे होते हैं। समय कभी लौटकर नहीं आता और इसका मोल भी केवल तभी समझ में आता है, जब हम इसे खो देते हैं। प्रसिद्ध लेखक पाब्लो पिकासो ने कहा था, 'अगर कोई चीज समय के साथ नहीं बदलती, तो वह समय के साथ खत्म हो जाती है।' समय का सदुपयोग ही हमें उस स्थिति से बाहर निकाल सकता है, जहां हम अपनी क्षमताओं का सही इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इस दौड़ में हर व्यक्ति एक प्रतिभागी है। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पाने के लिए समय-प्रबंधन आवश्यक है। हम सभी के पास चौबीस घंटे होते हैं, पर क्या हम इस समय का सही उपयोग कर पा रहे हैं? यह उक्ति आमतौर पर लोग दोहराते मिल जाते हैं कि जो बीत गया, वह फिर नहीं आएगा। यह एक ऐसा विचार है जो हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने जीवन के इस अमूल्य समय को सही दिशा में उपयोग कर रहे हैं या नहीं।

समय का सही उपयोग करते हुए हम अवसरों को पहचान सकते हैं।

## संविधान की मार में फंसा, घर का संसार

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सुबह आँख** खुली तो सामने बारिश का नजारा था और मेरे मन में ठंड से ठिठुरते हुए ऑफिस जाने का विचार कौंध गया। मन ही मन सोचा कि आज ह्यवर्क फ्रॉम होम का बहाना बना लूँ, लेकिन फिर याद आया कि ऐसी आरामतलबी तो मेरी बीवी के संविधान के सख्त खिलाफ है। वह हमेशा कहती है, "कर्म का महत्त्व समझो, और समय पर ऑफिस जाओ!" मन मार कर उठा।

तभी देखा झ्र मेरा पुराना छाता, जिसकी हालत कुछ ऐसी हो गई थी जैसे कोई पुराना योद्धा अपनी आखिरी लड़ाई लड़ने जा रहा हो। मैंने सोचा, चलो आज तो पुराने को विदा देकर नया छाता खरीदा जाए। पर यह कहना जितना आसान था, करना उतना ही मुश्किल। पैसे खर्च करने का मतलब कि बीवी को सफाई देनी पड़ेगी, जो अभी तक अपने बजट नियंत्रण आयोग के तहत हर एक रुपये का हिसाब लेती है। साहस बटोर कर बीवी से बोला, देखो, मेरे पास कोई ठीक-ठाक छाता नहीं है, और बाहर मूसलाधार बारिश हो रही है। सोच रहा हूँ कि एक नया छाता ले लूँ।ह्व वह बगल में बैठे मेरे ध्यान को अपनी आँखों से भेदते हुए बोली, ह्लतो क्या ऑफिस का भवन गिर रहा है कि तुम बिना छाते के नहीं जा सकते?ह्व उसके तीखे जवाब ने मुझे न्यूटन के तीसरे नियम की याद दिला दी झ्र ह्लहर क्रिया के बराबर विपरीत प्रतिक्रिया होती है।ह्व सोच में पड़ गया कि छाता न लेकर बारिश में भीगने का दुस्साहस करूँ या फिर सेकंड-हैंड दलीलें दूँ। थोड़ी हिम्मत करके मैंने कहा, ह्लपर तुम्हें पता है न कि आज अगर ऑफिस देर से पहुँचा तो बॉस की डांट पड़ेगी।ह्व वह हँसते हुए बोली, डांट से डरते हो? क्या माँ ने आपको बचपन में कभी नहीं डांटा? उसके तर्क-वितर्क की नजाकत को समझने के बाद मुझे यही सही लगा कि सरेंडर कर दिया जाए। फिर भी अपने क्रांतिकारी अंदाज में, जैसे किसी मजदूर नेता की तरह भाषण दे रहा हूँ, कहा, तो मैं भी आज छाता क्रांति करूँगा! मेरा अधिकार है, बाहर बारिश है और देश के हर नागरिक का हक है कि वो खुद को भीगने से बचाए!

## न्यूज फ्लैश

### समय पर हो कुंटिया चुनाव: रामकुमार गुज्जर

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान रामकुमार गुज्जर ने कहा है कि कुंटिया का चुनाव तीन महीने लेट हो चुका है जिससे गैर-शिक्षक कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि 6 नवंबर 2024 केयू के डॉ. आरके सदन में आयोजित सामान्य निकाय की बैठक में कुंटिया चुनाव 19 नवंबर को होना निश्चित हुआ था लेकिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने तकनीकी कारणों से कुंटिया चुनाव के शेड्यूल को मंजूरी नहीं दी। इसके साथ ही नया शेड्यूल लाने के लिए भी कहा गया था लेकिन अब तक मौजूदा प्रधान द्वारा कुंटिया चुनाव के लिए कार्यकारिणी परिषद की कोई बैठक नहीं बुलाई है। गौरतलब है कि 23 अगस्त 2024 को मौजूदा प्रधान के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा हो चुका है लेकिन अभी तक कुंटिया चुनाव का शेड्यूल भी जारी नहीं हुआ है। पूर्व प्रधान रामकुमार गुज्जर ने कहा कि कुंटिया चुनाव में देरी को लेकर कर्मचारियों में बहुत रोष है। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रधान व कार्यकारिणी को कुंटिया चुनाव का नया शेड्यूल जल्द से जल्द लेकर आना चाहिए।

### कैनरा बैंक समालखा शाखा में मंगलवार को संस्थापक दिवस मनाया गया



**पानीपत, (कमाल हुसैन)** जिसमे पुराने कर्मचारियों समेत ग्राहकों को बुलाया व सम्मानित किया गया व बैंक के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक रोहित मिढ़ा समेत शाखा के अन्य कर्मचारी जितेन्द्र यादव रितु पूजा सतीश जैन कुलदीप महेंद्र व सम्मानित ग्राहक हार्दिक रमेश सरोहा महासिंह अरुण कुमार खन्ना सूरज भान मौजूद रहे ।

### साईबर अपराधी नए-नए तरीकों से कर रहे ठगी, रहना होगा सचेत: पुलिस अधीक्षक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** साईबर अपराधी अपराध करने के हर दिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन के जागरुक होने से ही साईबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा साईबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए पुलिस ने एडवाजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरुक करने हेतू पुलिस द्वारा समय समय पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता हैं। साईबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता व सतर्कता ही सबसे बङा हथियार है।

**साईबर फ्राड से बचने के लिए निम्न बातों का रखे ध्यान:**

1. ऑनलाइन खरीदारी करते समय चैक करें वैबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस हो न की खाली एचटीटीपी ।
2. अगर कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें।
3. ऑनलाइन सस्ती ब्याज दर पर लोन के लिए दिए गए प्रलोभनों में ना आएं और ऑनलाइन लोन लेने से बचें ।
4. किसी अपरिचित नंबर से आपके पास फोन मैसेज या व्हाट्सएप मैसेज पर कोई लिंक या फोटो आए तो उस पर क्लिक न करें।
5. नेटवर्क को 5-जी नेटवर्क में शिफ्ट करवाने के नाम पर धोखाधडी करने वाले से सुरक्षित रहें। 6. साइबर ठग अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की फोटो को सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीपी (ऊरस्र´८ ढ्ढ३४श्ी) के रूप में प्रयोग कर धोखाधडी कर रहे हैं, सावधान रहें ।
7. व्यटसएप पर किसी भी अज्ञात नम्बर से आई किसी भी प्रकार की विडियो या ऑडियो कॉल को रिसीव ना करें।
8. टेलीग्राम ऐप के माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने के लुभाहने ऑफर के लालच में ना आएं ।

# मधुमक्खी पालन विकास केंद्र से किसानों की आय में होगा इजाफा

## सेमिनार में विशेषज्ञों ने मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने लिए रखें अपने विचार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**सेमिनार**

**यह भारत का एकमात्र ऐसा केन्द्र है जो मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर कार्य कर रहा है**

**कुरुक्षेत्र :** मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद रामनगर में इंडो इजराइल परियोजना के तहत तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बागवानी विभाग के विभिन्न राज्यों से आए विशेषज्ञों ने मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए अपने विचार रखे। इस मौके पर इजराइल से बागवानी विभाग के विशेषज्ञ ऊरी रुबिस्टन व डैनियाल अदात ने मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। यहां पहुंचने पर एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र के उपनिदेशक डा. सतेंद्र यादव, जिला बागवानी अधिकारी डा. सत्यनारायण ने इजराइल व अन्य राज्यों से आए विशेषज्ञों का यहां पहुंचने पर अभिनंदन भी किया। इजराइल से बागवानी विभाग के विशेषज्ञ ऊरी रुबिस्टन ने कहा कि कुरुक्षेत्र के रामनगर में देश का एकमात्र एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस मधुमक्खी पालन विकास केंद्र से किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ मधुमक्खी पालन के लिए तमाम संसाधन भी उपलब्ध करवाने का प्रयास विभाग की तरफ से किया जा रहा है। इस मधुमक्खी पालन विकास केंद्र से अधिक से अधिक किसानों को जुडना चाहिए ताकि किसान मधुमक्खी पालन के व्यवसाय से जुडक? अपनी आय में ओर अधिक इजाफा कर सके। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य मधुमक्खी पालन के साथ शहद के अलावा अन्य फसलों में भी मधुमक्खी की महत्वता बारे किसानों को जानकारी देना है। उन्होंने यह भी कहा कि यह भारत का एकमात्र ऐसा केन्द्र है जो मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि यहां पर किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ मधुमक्खी बनाने वाले बॉक्स व अन्य उपकरणों को भी हरियाणा सरकार द्वारा अनुदान राशि पर उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन सेशन का किया आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

आई .बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटर्नशिप सेल एवं हनीवेल और आईसीटी एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाले इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत बीसीए और बीएससी फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एक ऑनलाइन सेशन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, प्रोग्रामिंग डेवलपमेंट के बारे में विस्तार से बताया गया । कॉलेज प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग जी ने बताया कि यह अनुभव आपके कौशल को आकार देने और आपके ज्ञान को विस्तारित करने में महत्वपूर्ण हैं, जो आपको दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार करेगी और यह आपको एक सफल करियर बनाने में मदद करेगा । इंटर्नशिप सेल संयोजिका सुश्री माधवी ने कहा कि डिजिटल साइबर हमलों में वृद्धि ने साइबर सुरक्षा को महत्वपूर्ण बना दिया है। ऑनलाइन सेशन में आईसीटी अकैडमी की तरफ से मिस चांदना, ए मिलतेम्बेडेड इंजिनियर, हनीवेल ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया की श्रेष्ठ तकनीकों में से एक है।

### हत्या के मामले में मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने गांव समैन में ट्रैक्टर से कुचलकर एक बुजुर्ग की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। इस मामले में पुलिस ने हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सिंह सहित 28 लोगों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है। इस बारे में थाना सदर टोहाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस बारे में 17 नवंबर को गांव समैण निवासी कृष्ण पुत्र शमशेर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती को बनाएंगे स्वच्छ,सुंदर, दिव्य

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक




**बैठक**

**जयंती की जान स्वच्छता ही है यदि शहर स्वच्छ होगा तो कार्यक्रम स्थल भी अपने आप स्वच्छ होगा**

**कुरुक्षेत्र :** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने के दृष्टिगत तथा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचे इसके तहत मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र के सभागार में नगर परिषद व केडीबी के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यहां पहुंचने पर केडीबी के सीईओ पंकज सेतिया ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि हर वर्ष कुरुक्षेत्र की इस पावन धरा पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाता है। चंद्र ने कहा कि इस बार गीता जयंती को पहले के मुकाबले और अधिक स्वच्छ सुंदर दिव्य और भव्य तरीके से मनाया जाएगी। इसके लिए न केवल टीमवर्क की जरूरत है बल्कि आम लोगों को यहां तक की जिसमें संस्थाएं और समाजसेवियों को भी साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जयंती की जान स्वच्छता ही है यदि शहर स्वच्छ होगा तो कार्यक्रम स्थल भी अपने आप स्वच्छ होगा और इसका संदेश न केवल प्रदेश में बल्कि देश में और विदेशों तक भी जाएगा। इसकी जिम्मेदारी हम सब की है कि हमें यहां आने वाले लोगों को क्या संदेश देकर भेजना है। चंद्र ने वाह फाउंडेशन के द्वारा शहर के पार्को और शौचालय के रखरखाव को बेहतर बताते हुए उनकी पीठ थपथपाई और कहा कि जैसा आपकी संस्था का नाम है वैसा ही आप लोग काम भी कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने वाह फाउंडेशन के द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ कर जल्दी से जल्दी कैटल फ्री शहर बनाने का भी आदेश दिया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहर में जो खाली दीवारें हैं उन पर पेंटिंग बनाई जाए।

### जन सुनवाई का सशक्त प्लेटफार्म समाधान शिविर: सीईओ जिला परिषद

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

सीईओ जिला परिषद नरेन्द्र पाल मलिक ने कहा कि समाधान शिविर जन सुनवाई का सशक्त प्लेटफार्म है। जहां कार्य दिवस पर प्रतिदिन प्रातः 9 से 11 बजे तक सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होने बताया कि मंगलवार को समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम कार्यालय व खंड पंचायत अधिकारी के कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे है। जहां लोगों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। मंगलवार को समाधान शिविर में 11 शिकायते आई जिनमे नगर निगम में आई 8 शिकायतो में से 2 का मौके पर समाधान किया गया है, वही खंड स्तर पर 3 शिकायते आई, जिनके समाधान पर कार्य किया जा रहा है !

उल्लेखनीय है कि सरकार के निदेशानुसार प्रशासन की ओर से खंड, नगर पालिका, नगर निगम स्तर पर संबधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का अविलंब समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

## गांव किशनगढ़ और दौलतपुर में लगे नवीन संकल्प शिविर

टीम एक्शन इंडिया



**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगाए रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए जाने वाले इन नवीन संकल्प शिविरों में ग्रामीणों को अनेक सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। सांसद नवीन जिन्दल के कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि इन नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की हर प्रकार की संभव मदद की जा रही है। आधार, पेंशन, परिवार पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों में संशोधन के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम कार्य कर रही है। इन शिविरों को सुविधाजनक बनाने के लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग लिया जा रहा है।

नवीन संकल्प शिविरों की इस श्रृंखला के अनुसार लाडवा हल्के के किशनगढ़ और दौलतपुर में शिविरों का आयोजन किया गया । इन शिविरों में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाली मोबाईल मेडिकल युनिट के माध्यम से दोनों गांवों में 87 मरीजों को उचित परामर्श के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई जबकि 34 मरीजों के टेस्ट भी किए गये। इसके अतिरिक्त इन शिविरों में 118 लोगों ने अपने कागजात संबंधित अनेक प्रकार के कार्य करवाए। इस मौके पर 10 लोगों ने नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारें में जानकारी ली। इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों ने सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त किया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य अखिल मेनन ने बताया कि नवीन संकल्प शिविरों की इसी श्रृंखला में 20 नवंबर को कुरूक्षेत्र के शाहबाद हल्के के गांव तंगौर और झरौली खुर्द में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर बाद 2 बजे से 5 बजे तक नवीन संकल्प शिविर आयोजित किये जाऐंगे। इन दोनों शिविरों में ग्रामीण कागजात संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान करवा सकते हैं।

## ग्रैप चार की पाबंदियां लागू, सिटीजन चार्टर का पालन करें नागरिक: डीसी

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की वजह से जिला की राजस्व सीमा में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के स्टेज 4 की पाबंदियां प्रभावी हो गई हैं। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आम नागरिक सिटीजन चार्टर का पालन करें। स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत हमें जरूरी सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने बताया कि नागरिक वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक होने के कारण जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर आवागमन करें। अस्थमा के रोगी दवा को अपनी पहुंच में रखें, यदि कफ, सांस फूलने व बेहोशी जैसी समस्या आती है,तो चिकित्सकों के परामर्श अनुरूप दवा लें। स्वस्थ लोगों को अचानक बेहोशी जैसी समस्या आती है तो अलर्ट रहें और मास्क लगाकर ही बाहर निकलें।

डीसी ने बताया कि एनसीआर की हवा इस समय खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। हवा के बिगड़े कारणों की वजह से एक्यूआई का स्तर 400 को पार कर गया है। जो कि वन्य जीवों के लिए बहुत ही खतरनाक है। प्रशासन की ओर से जिला की राजस्व सीमा में ग्रेप वन से लेकर ग्रेप चार की वर्णित पाबंदियां प्रभावी हैं। नागरिकों को आह्वान है कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे वायुमंडल में धुल व धुआं पंहुचे। वायु प्रदूषण फैलाने का कार्य कोई करता है, उसकी शिकायत 311 एप व समीर एप कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का उपयोग करें। वाहनों के टायरों में हवा पूरी रखें। वाहनों का प्रदूषण अंडर कंट्रोल चेक करवाते रहें। पुराने डीजल वाहनों को न चलाएं।

### डीसी ने जिला में 12वीं तक कक्षाएं बंद करने के दिए आदेश

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)** जिला में बढ़ते प्रदूषण के बीच डीसी डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने स्कूलों में 12वीं तक की कक्षाएं बंद करने के आदेश दिए हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की स्थिति का विश्लेषण किया गया। जिसमें पाया गया कि पिछले 24 घंटों में जिले के कुछ क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में रहा है तथा गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में जिला पानीपत के सभी क्षेत्रों (शहरी एवं ग्रामीण) में 19 नवंबर से अगले आदेश तक 12वीं कक्षा तक की सभी कक्षाएं बंद रहेंगी।

## एलुमनी होते हैं शैक्षणिक संस्थान के ब्रांड एम्बेसडर

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**चर्चा**

**ब्रांड एम्बेसडर होते है जो संस्थान को ऊंचाइयों के शिखर पर ले जाने का कार्य करते हैं: सोमनाथ सचदेवा**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि एलुमनी शैक्षणिक संस्थान के ब्रांड एम्बेसडर होते है जो संस्थान को ऊंचाइयों के शिखर पर ले जाने का कार्य करते हैं। इसके लिए शैक्षणिक संस्थान का एलुमनी नेटवर्क मजबूत होना चाहिए। यह विचार कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा प्रबन्धन विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में नई दिल्ली के आईआईएफटी से पहुंचे केयू एलुमनी प्रो. रवि शंकर व एचआर फील्ड के डॉ. एचके गांधी से मुलाकात के दौरान व्यक्त किए। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पूर्व छात्र शैक्षणिक संस्थान के उत्थान एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा केयू एलुमनी एसोसिएशन के फिर से सक्रिय करने से सकारात्मक परिणाम हमारे समक्ष है। इस अवसर पर दोनो एलुमनी ने भविष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ संभावित कॉर्पोरेट गठबंधन के बारे में भी चर्चा की।

इससे पहले फैकल्टी लॉज में प्रबंधन अध्ययन संस्थान के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन अवसर पर एलुमनी प्रोफेसर रवि शंकर, आईआईएफटी नई दिल्ली ने छात्रों से सर्विसेज मार्केटिंग की बारीकियों के बारे में चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए। वहीं डॉ. एचके गांधी ने उद्यमिता के क्षेत्र को लेकर विचार प्रकट किए।

दूसरे सत्र में यूएसएम की अध्यक्ष प्रो. निर्मला चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर सेमिनार आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**



**प्रतिबद्धता**

**दोनों स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्धता जताई**

**हल्के के** गवर्नमेंट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भेरियां में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज ने शिरकत की। उनके साथ जिंदल फाउंडेशन के जूनियर एग्जीक्यूटिव राहुल शर्मा भी उपस्थित रहे।

**योजना की विशेषताएं और पात्रता शर्तें:** सेमिनार के दौरान सतीश भारद्वाज ने योजना की विशेषताओं और पात्रता शर्तों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन होनहार छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलती है। योजना के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के स्थायी निवासी, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है और जो 12वीं कक्षा में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं, इसके पात्र होंगे। 10वीं के छात्रों के लिए अंक सीमा नहीं है, लेकिन वे किसी सरकारी या निजी आईटीआई या पॉलिटेक्निक संस्थान में नामांकित होने चाहिए।

**थाना स्कूल का योगदान**
गवर्नमेंट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने सतीश भारद्वाज और उनकी टीम का स्वागत किया और छात्रों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक विक्रमजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, चंद्रपाल, मनोज कुमार, कविता सैनी, सुमन रानी और नीलम रानी समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**भेरियां स्कूल में छात्रों की भागीदारी**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भेरियां में भी इस योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रिंसिपल नवदीप कौर ने सतीश भारद्वाज और राहुल शर्मा का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को योजना की जानकारी दी और ज्यादा से ज्यादा छात्रों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक श्याम सिंह, गुरमेल सिंह, दलविंदरजीत सिंह, सोनिया, अनीता, गुरप्रीत कौर, पूजा और अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे।

**छात्रों में उत्साह**
दोनों स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। सेमिनार के दौरान राहुल शर्मा ने योजना से संबंधित तकनीकी जानकारी साझा की।

## एक पेड़ मां के नाम के आह्वान को ठेंगा दिखा रहे हैं भाजपा नेता: स्वामी

टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत (कमाल हुसैन)**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के एक पेड़ मां के नाम के आह्वान को ठेंगा दिखा कर भाजपा नेता बेच रहे हैं पार्क, ग्रीन बेल्ट, सड़क और यूडीलैंड की जगह यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाते हुए कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के नाम का स्लोगन देकर देश में हरित क्रांति लाने का प्रयास कर रहे हैं वहीं भाजपा के कुछ नेता सरकारी जमीन पार्क, ग्रीन बेल्ट, सड़क और यूडीलैंड को बेचकर सैकड़ो करोड़ का घोटाला तो कर ही रहे हैं साथ ही पेड़ पौधे लगाने की जगह को भी नष्ट कर रहे है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा 3 महीने पहले नगर निगम आयुक्त को टीडीआई के अंदर सरकारी जमीन पार्क, ग्रीन बेल्ट ,सड़क और यूडीलैंड की निगम अधिकारियों ने भाजपा के पार्षद पति टीडीआई मालिक उसके मैनेजरों और भूमाफियाओं के साथ मिली भगत करके प्रॉपर्टी आईडी बनाने की शिकायत दी थी जिसके निगम आयुक्त ने ज्वाइंट कमिश्नर को इस मामले की जांच करने के आदेश दिए थे लेकिन अपने भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने के लिए जांच के नाम पर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है

उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय द्वारा डीड राइटर , टीडीआई मालिक और भू माफियाओं से मिली भगत करके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इन सार्वजनिक स्थानों की रजिस्ट्री तक कर दी गई जिसकी शिकायत उपायुक्त पानीपत को दी गई लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई

इसके साथ-साथ डीटीपी पानीपत से लेकर महानिदेशक कंट्री टाउन प्लानिंग चंडीगढ़ तक को लगभग 4 महीने से बार-बार शिकायत दी जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### कुवि विधि संस्थान के छात्रों ने नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लहराया परचम




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान के विद्यार्थियों ने बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, रोहतक, हरियाणा की ओर से आयोजित नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में संस्थान के द्वितीय वर्ष के छात्र कुशाल, जयशिखा और समीर की टीम ने भाग लिया जिसमें उन्होंने प्रथम रनर अप का स्थान प्राप्त करते हुए परचम लहराया। विश्वविद्यालय की टीम ने विभिन्न स्तर को पार कर कई टीमो को पछाड़ कर यह स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।
इस मौके पर संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता विद्यार्थियों में तर्क वितर्क की कला को बढ़ाती हैं । साथ ही विद्यार्थियों में बोलने की कला और शोध कार्य विकसित करती है जो की लॉ प्रोफेशन के लिए आवश्यक है।
संस्थान के उपनिदेशक व मूट कोर्ट कमेटी कन्वीनर डॉ. रमेश सिरोही ने विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है । उन्होंने विद्यार्थियों की प्रशंसा और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर डॉ. मोनिका, डॉ. मनजिंदर, डॉ. तृप्ति, डॉ. जय किशन भारद्वाज, डॉ. नीरज, डॉ. संतलाल व मूट कोर्ट स्टूडेंट ऑगेर्नाइजर आदित्य, दिव्यम, अंश, रिसया, वंशिका, नैन्सी, उदय, मौजूद रहे।

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अंतर-कॉलेज बॉक्सिंग और कुश्ती प्रतियोगिताओं का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 18-20 नवंबर 2024 को आयोजित होने वाली अंतर-कॉलेज बॉक्सिंग और कुश्ती प्रतियोगिताओं का शानदार आगाज हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के लड़के और लड़कियां भाग लेंगे। इसके अलावा, कुछ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों से आए खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. डी.एस. राणा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बॉक्सिंग और कुश्ती जैसे खेल केवल शारीरिक शक्ति ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और रणनीतिक सोच का भी परिचायक हैं।

# सेक्टर-7 में पीर की दरगाह से अतिक्रमण हटाया

## सुबह 9 बजे से ही राज्य मार्ग पर सब कार्यकर्ताओं ने एकत्र होना शुरू कर दिया था

**पीला पंजा**

▶▶ इससे पहले ही वहां मौजूद दूसरे पक्ष ने स्वंय ही अतिक्रमण को हटाया शुरू कर दिया




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला शहर के पंचायत भवन के नजदीक अतिक्रमण हटाने को लेकर सुबह से ही उक्त स्थान पर पुलिसकर्मी मौजूद थे। वही हिदूं संगठन भी अदालत के फैसले के इंतजार में थे। लेकिन इससे पहले ही वहां मौजूद दूसरे पक्ष ने स्वंय ही अतिक्रमण को हटाया शुरू कर दिया और बाहर की दीवारों को तोडने में जुट गए। हालांकि इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था तो वही हिंदू संगठनों के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुछ ही देर बाद नगर निगम की टीम भी जेसीबी की टीम के साथ पहुंची । इससे पहले दूसरे पक्ष की ओर से जज अभिनव गर्ग की अदालत में एक प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमे कहा गया कि पीडब्लयूडी द्वारा उन्हें जो अतिक्रमण बताया गया है वह पूरी तरह से अनुचित है तथा इससे न हटाया जाए। तो वही इस याचिका के कुछ समय बाद ही अतिक्रमण को खुद ही हटाना शुरू कर दिया गया। वही एडवोकेट संदीप सचदेवा ने बताया कि इस क्षेत्र में जितना भी अतिक्रमण है उसे विभाग द्वारा जल्द हटाया जाए। उन्होने कहा कि यदि अतिक्रमण नही हटता तो वह फिर से अदालत जाएगें।
गौरतलब है कि गत दिवस अंबाला जिला के विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता समस्त हिंदू संगठनों के साथ पंचायत भवन के नजदीक अंबाला हिसार राज्य मार्ग पर पूर्व निर्धारित एवं घोषित कार्यक्रम के अनुसार एकत्रित हुए थे। गत 4 नवंबर को इन सभी संगठनों ने उपायुक्त पार्थ गुप्ता को ज्ञापन में यह कहा था कि सेक्टर 7 के नजदीक स्थित पीर जो की कब्जा करके विस्तार की गई है को हटाया जाए. पीर द्वारा किए गए इस नाजायज कब्जे को लेकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय न्यायालय इसकी डिमार्केशन करने के बाद कानूनी प्रक्रियाओं के पालन करते हुए नाजायज कब्जे को हटाने के आदेश दिए थे। इस विषय पर उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए उपायुक्त कार्यालय से पीडब्ल्यूडी को आदेश दिए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा 6 से 7 नोटिस पीर और उसके रखरखाव करने वालों को दिए गए थे परंतु उसके बाद भी इस पीर के नाजायज हिस्से पर अतिक्रमण वाले पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी। 4 नवंबर को दिए गए ज्ञापन के बाद बजरंग दल ने 12 नवंबर को अंबाला हिसार राज्य मार्ग पर कार्यक्रम करने का संदेश पहले ही दे दिया था. सुबह 9 बजे से ही राज्य मार्ग पर सब कार्यकर्ताओ ने एकत्र होना शुरू कर दिया था और विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने राज्य मार्ग पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया. मौके पर मौजूद विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री महेंद्र शर्मा जी ने बताया की विश्व हिंदू परिषद की विचारधारा सेवा सुरक्षा एवं संस्कार की है. और जिस प्रकार से पीर और मजारों के जरिए लैंड जिहाद की विचारधारा को आगे बढ़ाया जा रहा है और जमीनों पर कब्जे किए जा रहे हैं।

# पुलिस पाठशाला में महिलाओं को किया जा रहा जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम द्वारा दुर्गाशक्ति टीम अम्बाला शहर ने एसजीएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चैड़मस्तपुर थाना नग्गल क्षेत्र जिला अम्बाला में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में दुर्गाशक्ति टीम अम्बाला शहर ने महिला सुरक्षा/साईबर अपराध बारे जानकारी दी। डायल 112 एप्प बारे छात्राओं/शिक्षको को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्न के माध्यम से छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह ह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं/महिलाओं/शिक्षको को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करके डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस, साईबर अपराध व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना हैं।

# संदिग्ध हालत में मिला महिला का शव, पुलिस ने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। हालत गंभीर होने की कॉल पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मी ने परिजनों की मदद उसे नागरिक अस्पताल में भिजवाया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में शव को रखवाया है। मृतका के पिता व उसके भाई को पुलिस ने सूचना दी है। उनके आने पर पुलिस आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बिहार हाल में बीसवां मिल निवासी मनेंद्र ने बताया कि वह कंपनी में काम करता है। सोमवार सुबह उसकी पत्नी डीपंल (24) के साथ कहासुनी हो गई। जिसके बाद वह घर से निकल गया। उसके बेटे ने अवगत करवाया। उसने बताया कि डिंपल ने फंदे से लटक गई है। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचा। जहां मामले को लेकर एंबुलेंस को अवगत करवाया। सूचना के बाद एंबुलेंस कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां महिला को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मामले की सूचना पुलिस को दी।

# महर्षि दयानन्द का चरित्र चन्द्रमा की तरह स्वच्छ : महेन्द्र कुमार

**सभ्य समाज**

▶▶ उस महापुरुष की शिक्षाओं को अपनाने से सभ्य समाज की संरचना की जा सकती है



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य समाज में मंगलवार से शुरू हुए यजुर्वेद पारायण महायज्ञ में वैदिक प्रवक्ता महेन्द्र कुमार शास्त्री ने कहा महर्षि दयानन्द सरस्वती का चरित्र चन्द्रमा की तरह स्वच्छ है। उस महापुरुष की शिक्षाओं को अपनाने से सभ्य समाज की संरचना की जा सकती है। महर्षि दयानन्द ने ही वेदों पर जमी धूल को साफ करते हुए लोगों से वेदों की ओर लौटने को कहा था।
वैदिक प्रवक्ता ने कहा कि यजुर्वेद के अनुसार ईश्वर हम मनुष्यों की रक्षा इसलिए करता है कि हम पृथ्वी पर सब प्राणियों को सुख पहुंचाएं। इसलिए हमें वेदविद्या, धर्म के काम और अनेक प्रकार के सुख सदा बढ़ाने चाहिएं। इस सृष्टि में जितने पदार्थ हैं उनसे अच्छे गुणों की खोज करो तथा उन गुणों का संसार में प्रचार करो जिससे सभी प्राणियों का सुख बढ़ता रहे। महायज्ञ के पहले दिन कपिल देव - मोनिका, गुरदीप-राधेश, जतिन -सोनिका, चांद सिंह-सरोज यजमान बने।
वैदिक प्रवक्ता ने बताया कि यजुर्वेद के अनुसार वह परमात्मा सब जगह है। वह सबका मित्र है। सभी को सुख देने वाला है। इसलिए केवल उसी सर्वशक्तिमान परमेश्वर की उपासना करनी चाहिए और यज्ञ कर्म को बढ़ावा देना चाहिए।
उन्होंने कहा कि परमेश्वर ने सब मनुष्यों को नियम से धर्म का पालन करने को कहा है। इसलिए सभी लोगों को परमात्मा द्वारा प्रकाशित किए गए सत्य धर्म को ग्रहण करना चाहिए जिससे अर्थ, काम और मोक्ष फलों की बड़ी आसानी से प्राप्ति हो सके। उन्होंने कहा कि यजुर्वेद के अनुसार मनुष्यों की इच्छा संसार के सभी प्राणियों को सुख पहुंचाने की होनी चाहिए जिससे परमात्मा के आदेश का सही से पालन किया जा सके। यजमानों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस दौरान आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के वेद प्रचार अधिष्ठाता रमेश कुमार आर्य, मा. इन्द्र सिंह दहिया, जयसिंह दहिया, सुभाष व स्कूल प्राचार्य नरेन्द्र कुमार के अतिरिक्त स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में 11 शिकायतों का किया समाधानः सचिन




विज्ञप्ति मे कहा कि नगर निगम की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में बुधवार को प्रोपर्टी आईडी में नाम, पता, पार्ट आईडी

**समाधान**

▶▶ बुधवार को प्रोपर्टी आईडी में नाम, पता, पार्ट आईडी व नई आईडी बनवाने के लिए 20 लोगों ने आवेदन किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार नगर निगम में लगातार समाधान शिविरों का आयोजन करके लोगों की समस्याओ का मौके पर ही समाधान किया जा रहा हैं। इस समाधान शिविर में 11 शिकायतों का समाधान किया गया हैं। उन्होनें यहां जारी आज प्रेस विज्ञप्ति मे कहा कि नगर निगम की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में बुधवार को प्रोपर्टी आईडी में नाम, पता, पार्ट आईडी व नई आईडी बनवाने के लिए 20 लोगों ने आवेदन किए। इनमें से 11 आवेदनों का समाधान मौके पर ही किया गया। इन समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा हैं। इन शिविरों में सभी अधिकारी मौके पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनते है और उनका मौके पर समाधान करते हैं। इसलिए इन शिविरों का नागरिकों को अधिक से अधिक फायदा उठाना चाहिए। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त नगर निगम पुनीत, डीएमसी दीपक सूरा के साथ-साथ नगर निगम के अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# दोस्त के साथ ई-रिक्शा में गए युवक पर हमला कर घायल करने का आरोप

**आरोप**

▶▶ चालक के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज

▶▶ पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा में पंचर लगवाने साथ गए युवक पर हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के दोस्त के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ओल्ड डीसी रोड जीवन नगर निवासी दिनेश ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। सुबह वह अपने दोस्त संजय के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर उसमें पंचर लगवाने के लिए निकला था। वह दीपक मंदिर के पास पहुंचा। उसी दौरान एक लड़का हाथ में रॉड लेकर आया। उसके दोस्त संजय को नीचे उतारकर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद लोगों की भीड़ इक्ट?ठी होती देख आरोपित मौके से फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## 12 साल का बच्चा संदिग्ध हालात में लापता

**सोनीपत : सदर** थाना क्षेत्र के गांव रोहट में गली में खेल रहा किशोर संदिग्ध हालत में लापता हो गया। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव रोहट निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि वह टायर पंचर की दुकान चलाता है। वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था। उसका 12 वर्षीय बेटा गली में खेल रहा था। लेकिन कुछ देर बाद वह नहीं मिला। अपने स्तर पर उसकी तलाशकी, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बालक पुच्चू को मिलेगा हरिहर योजना का लाभः पार्थ




**केयर योजना**

▶▶ बालक पुच्चू को आफटर केयर योजना के तहत 4 हजार रूपए मासिक लाभ दिया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार राधा कृष्ण बाल आश्रम में आश्रित बालक पुच्चू को प्रदेश सरकार की हरिहर योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत बालक पुच्चू को आफटर केयर योजना के तहत 4 हजार रूपए मासिक लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता उपायुक्त कार्यालय के सभागार में हरिहर (होमलेस आबेन्डेन्ट एण्ड सर्रन्डर्ड चिलड्रन रिहैबलिटेशन इनिशयेटिव हरियाणा) योजना की डीएसी बैठक को सम्बोधित कर रहें थे। इससे पहले डीसीपीओ ममता ने डीएसी के एजेन्डे पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नारायणगढ़ राधा कृष्ण बाल आश्रम के बालक पुच्चू को सरकार की हरिहर योजना का लाभ देने बारे विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने कहा कि अम्बाला जिले में 4 चाईलड केयर संस्था कार्य कर रहें हैं। इनमें से एक संस्थान राधा कृष्ण बाल आश्रम नारायणगढ़ में स्थित हैं।
उन्होंने कहा कि इस आश्रम में आश्रित बालक पुच्चू जोकि परित्याकत श्रेणी से सम्बधित हैं। इस बालक को हरिहर योजना का लाभ देने के लिए नियमानुसार बालक पुच्चू वर्तमान में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हैं, यह बालक योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। यह बालक 75 प्रतिशत मैंटल रिटायर्ड है और 7वीं कक्षा की पढाई राजकीय माध्यमिक विद्यालय रायपुर वीरान खण्ड नारायणगढ़ में कर रहा हैं। इस योजना के तहत बालक को 4 हजार रूपए मासिक का लाभ दिया जाएगा, एक मुश्त ब्याज मुक्त राशि विवाह के समय आवेदक को प्राप्त होगी।

# 47 विकास कार्यो के लिए लाखों रूपए के भुगतान करने के आदेश




**नोटिस जारी**

▶▶ गैर हाजिर रहने पर पंचायतीराज नारायणगढ़ के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत 47 विकास कार्यो के मैटिरियल से सम्बधित मदों की 36 लाख 19 हजार 474 रूपए की राशि का भुगतान करने के लिए सम्बधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं मीटिंग में बिना बताए गैर हाजिर रहने पर पंचायतीराज नारायणगढ़ के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता उपायुक्त सभागार में मनरेगा से सम्बधित अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थें। इससे पहले जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप सिंह ने मनरेगा के तहत मैटिरियल से सम्बधित कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की और कार्यो के तहत किए जाने वाले भुगतान की राशि का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। इस रिपोर्ट के आधार पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत 47 विकास कार्य किए गए हैं। इन विकास कार्यो में ट्रैक्टर ट्राली, इंटे, बजरी से सम्बधित अन्य मैटिरियल के कार्यो का भुगतान किया जाना हैं। इस मैटिरियल कार्यो की राशि 36 लाख 19 हजार 474 रूपए बनती हैं।
उन्होंने कहा कि मैटिरियल के कार्यो की इस राशि का भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं। अब इस राशि को निर्धारित समयावधि के अन्दर भुगतान कर दिया जाए। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही न बरती जाए। अगर किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो सम्बधित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।
उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ पंचायतीराज से एसडीओ बैठक में उपस्थित नहीं हुआ और बैठक में न आने की सूचना किसी भी आला अधिकारियों को नहीं दी। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप सिंह को सम्बधित एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।
इस मौके पर जिला परिषद् के सीईओ गगनदीप सिंह, लेखा अधिकारी गौतम चौपड़ा, सहायक लेखा अधिकारी नवज्योति भारद्वाज, एबीपीओ सुरेन्द्र कपूर के साथ-साथ अन्य सम्बधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

# युवक को नौकरी लगवाने के नाम पर एक लाख रुपये ठगे

**जांच जारी**

▶▶ सीएम विंडो से मिले पत्र की पुलिस उपायुक्त ने जांच कराकर सिविल लाइन थाना में भिजवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में नौकरी लगवाने के नाम पर एक लाख रुपये ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पानीपत के युवक ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। उसके बाद पुलिस आयुक्त ने मामले की जांच करवाकर शिकायत को थाने में भेजा। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। न्यू आरके पुरम पानीपत निवासी उत्सव ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत भेजकर नौकरी के नाम पर ठगी का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि वह नौकरी की तलाश में था। उनकी मुलाकात सोनीपत के मॉडल टाउन निवासी यशद के साथ हुई थी। उसने कहा था कि वह उसे अच्छी नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसने उन्हें विश्वास में ले लिया। आरोपित ने उनसे एक लाख रुपये ठग लिये। 25 अप्रैल, 2023 को उन्होंने अपने खाते से यशद के पास भेज दिए थे। उसने 8 मई, 2023 तक नौकरी लगवाने का वादा किया था। उसके बाद वह बार-बार समय देता रहा। इतना ही नहीं उनके पास 10 जुलाई, 2023 को कंपनी का एचआर बनकर झूठा नियुक्ति पत्र भी सौंप दिया। उसके बाद नौकरी नहीं लगवाई। वह 11 जुलाई, 2023 को सोनीपत मॉडल टाउन के पार्क में जब उससे मुलाकात हुई तो उन्होंने रुपये वापस मांगे। जिस पर आरोपित गालियां देने लगा। तब उन्होंने डायल 112 पर कॉल की। पुलिस दोनों को सिविल लाइन थाना ले गई थी।

# आयुष विश्वविद्यालय के प्रोजेक्ट पर खर्च होगा 1296 करोड़ रूपए का बजट: सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र:** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर विधानसभा में देश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के प्रोजैक्ट का निर्माण करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से 1296 करोड़ रूपए का बजट पारित कर दिया हैं। इस प्रोजैक्ट का निर्माण तीन चरणों में होगा और प्रथम चरण के लिए प्रदेश सरकार ने 500 करोड़ रूपए का बजट तय किया हैं। इतना ही नहीं आयुष विश्वविद्यालय के मास्टर प्लान पर भी सरकार ने मोहर लगा दी हैं। इस प्रोजैक्ट को शुरू करने की रूप



रेखा 14 अगस्त 2024 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयार किया गया और तमाम फैसलों पर अपनी मोहर भी लगा दी हैं।
पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने थानेसर विधानसभा के गांव फतुहपुर में देश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण करने की आधारशिला रखी थी। इस विश्वविद्यालय के लिए गांव फतुहपुर की तरफ से 100 एकड़ जमीन भी उपलब्ध करवाई

**बजट**

**▸▸ प्रथम चरण के लिए प्रदेश सरकार ने 500 करोड़ रूपए का बजट तय किया हैं**

गई। इस विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य तेज गति के साथ पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार 14 अगस्त 2024 को चण्डीगढ़ में सैक्रट्री फॉर आयुष एजूकेशन एण्ड रिसर्च (सीओएसएईआर) की एक बैठक मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई थी। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद थे और इस बैठक में आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य को लेकर तमाम पहलूओं पर चर्चा की गई और बकायद आयुष विश्वविद्यालय के मास्टर प्लान पर भी मोहर लगाई गई।
उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करने की जिम्मेवारी एचएसआईआईडीसी सरकारी एजेन्सी को सौंपी गई हैं। यह एजेन्सी तमाम अन्य एजेन्सियों और विश्वविद्यालयों के साथ तालमेल बनाकर प्रोजैक्ट को अमलीजामा पहनाने का काम करेंगी।

# खेतों से ट्यूबवेल की तार चोरी करने वाले गिरोह का तीसरा आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (नितिन गौड़)** थाना सनौली पुलिस ने खेतों से ट्यूबवेल की तार, मोटर, स्टार्टर, ग्रीफ, इनवर्टर की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी को सोमवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान आशुतोष उर्फ आशु निवासी अर्जुन नगर काबड़ी रोड के रूप में हुई। थाना सनौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि थाना सनौली पुलिस टीम ने खेतों से ट्यूबवेल की तार व बिजली के अन्य उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर पिछले दिनों गिरोह के दो आरोपी नूर मोहम्मद निवासी अर्जुन नगर व अजय निवासी गढ़ी सिकंदरपुर को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में अपने साथी आरोपी आशुतोष उर्फ आशु निवासी निवासी अर्जुन नगर



काबड़ी रोड के साथ मिलकर 28 अगस्त की रात कुराड़ गांव में खेतों से चार पांच ट्यूबवेल से तार व अन्य उपकरण चोरी करने बारे स्वीकारा था। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सनौली में देवेंद्र निवासी कुराड़ की शिकायत पर अभियोंग दर्ज है। गहनता से पूछताछ में आरोपियों ने उक्त वारदात के अतिरिक्त 12 जुलाई की रात नवादा आर के नजदीक यमुना बंधा के पास खेत से दो ट्यूबवलों की मोटर व 23 जून की रात सनौली खुर्द में नवादा रोड पर किताबों की दुकान का शटर उखाड़कर नगदी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। चोरी की उक्त दोनों वारदात बारे थाना सनौली में अलग अलग अभियोग दर्ज है। प्रभारी सब इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया था उन्होंने चोरी किये तार व स्टर राह चलते अज्ञात युवक को 3 हजार रुपए में बेचकर पैसे खर्च कर दिए थे। बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी आशुतोष की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## न्यूज फ्लैश

### खादी ग्रामोद्योग आयोग मुंबई के कार्यकारी अधिकारी पहुंचे कुरुक्षेत्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** खादी ग्रामोद्योग आयोग मुंबई के कार्यकारी अधिकारी वात्सल्य सक्सेना सोमवार को खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ में पहुंचे। इस मौके पर खादी संस्थान के सचिव सतपाल सैनी ने कामगारों के साथ उनका विधिवत स्वागत किया। खादी आयोग के कार्यकारी अधिकारी ने खादी संस्थान में खादी उत्पादन एवं बिक्री काउंटर का निरीक्षण करने के उपरांत खुले मन से सराहना की। उन्होंने सरकारी योजना के अंतर्गत बच्चों को चरखा चलाने के लिए चरखा वितरण पर भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही बताया कि चरखा तथा कच्चे माल की आपूर्ति के लिए अनुदान के रूप में सहयोग आयोग द्वारा दिया जाएगा। आयोग का प्रयास है कि बच्चों के साथ साथ उनके घरों में मां बाप को भी खादी की जानकारी मिलेगी। गांव गांव में इस का प्रचार होगा। साथ ही निदेशक राज्य कार्यालय अम्बाला द्वारा पूर्ण विश्वास दिलाया गया कि हम इस कार्य में संस्था खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ का पूर्ण सहयोग करेंगे। खादी ग्रामोद्योग आयोग मुंबई के कार्यकारी अधिकारी ने संस्था में कार्यरत कामगारों से भी विस्तृत चर्चा की तथा सिलाई यूनिट का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर आर.एस. सैनी सेवानिवृत्त सहायक निदेशक कौशल विभाग, राजेंद्र सैनी पूर्व डी.टी.ओ. रेडक्रॉस, अमित चोपड़ा, तोता राम, दीपक कुमार खादी कमीशन, सतीश कुमार, धर्मेंद्र शर्मा, इरशाद, राजेश कौशिक, बांका राम व नदीम इत्यादि मौजूद रहे। इस मौके पर खादी ग्रामोद्योग आयोग मुंबई के कार्यकारी अधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 22 ने किया रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल, कुरुक्षेत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर के दिशा निर्देशन में तथा यूथ थ्रेड क्रॉस काउंसलर डॉ सीमा पांडे के नेतृत्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ कैंप कोऑर्डिनेटर डॉ. अशोक कुमार वर्मा, इंचार्ज, अवेयरनेस प्रोग्राम एंड रिहैबिलिटेशन हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जी के द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर ने इस रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए रेड क्रॉस कमेटी को शुभकामनाएं दी एवं उनके कार्यों की सराहना की। इस रक्तदान शिविर में, महाविद्यालय के टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ के सदस्यों, कारसा, मथाना, खेड़ीरामनगर, पलवल गांव तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की विद्याथीर्यों के द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में यह सन्देश प्रसारित कर दो कि युवाओं को नशे आदि जैसी बुरी आदतों से बचकर रक्तदान करने जैसे पुण्य कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। इस रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया जिसमें से 22 लोग रक्तदान के लिए योग्य पाए गए और उन्होंने रक्तदान किया।

# दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**सीआईए** वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना माडल टाउन की आठ मरला चौकी में 11 अप्रैल को चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी प्राइवेट स्कूल में 9 वी कक्षा में पढती है। बेटी सुबह घर से पढ़ने के लिए स्कूल में गई थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह वापिस घर नही लोटी। जिसकी तलाश में वह स्कूल गया जहा उसको बताया गया की बेटी आज स्कूल नही आई। उसकी बेटी की तलाश की जाए। थाना माडल टाउन में व्यक्ति की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू कर दी



थी। प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने नाबालिग को रविवार को बत्तरा कॉलोनी से बरामद किया। नाबालिग की बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सामाने काउसिलिंग करवाई गई तो नाबालिग ने बताया उसको अमित निवासी सौंधापुर हाल बत्तरा कॉलोनी अपने साथ शादी की नियत से बहला फुसलाकर भगा ले गया था। अमित ने उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ बार बार गलत काम

**शिकंजा**

**▸▸ बेटी सुबह घर से पढ़ने के लिए स्कूल में गई थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह वापिस घर नही लौटी**

किया। पुलिस टीम ने नाबालिग का सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाया। पहले से दर्ज मामले में आईपीसी की धारा 363, 366, 376(2)एन व पाक्सो एक्ट की धारा 6 इजाद की गई।
प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया सीआईए वन पुलिस टीम ने सोमवार देर शाम आरोपी अमित को गिरफ्तार किया।

# युवक को चाकुओं से गोदकर किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में सेक्टर-12 सड़क मार्ग पर युवक को चाकुओं से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। राहगीर ने घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई घायल को निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। गांव बाघड़ु निवासी साहिद नागरिक अस्पताल के पास लैब पर काम करता था। सोमवार को वह नागरिक अस्पताल में सैंपल की रिपोर्ट देने के लिए पहुंचा। उसके बाद गेटर नंबर-3 से बाहर निकला। वह सेक्टर-12 के पास पहुंचा। उसी दौरान अज्ञात युवकों ने उसे घेर लिया। उस पर पहले ईंट से हमला किया। उसके बाद चाकुओं से गोद दिया। भीड़ इकट्ठी होती देख हमलावर मौके से फरार हो गए। राहगीर ने घायल को सड़क पर देखा तो उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया।

# ग्रामीण की पीटकर व नुकीले हथियार से हमला कर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव मुकीनपुर में ग्रामीण की पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावर ग्रामीण को गाड़ी में डालकर लाए और शव को उनके भाई के घर के बाहर गली में फेंक कर भाग गए। आरोप है कि हमलावरों ने ग्रामीण के भाई को भी धमकी दी है। शादी में गई पत्नी ने वापस लौटकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। शव का खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मुकीनपुर निवासी मुकेश ने बताया कि उनके पास बेटा व एक बेटी हैं। वह 16 नवंबर को अपने मामा के घर गांव कटवाल में शादी समारोह में गई थीं। 17 नवंबर को उनके पति कप्तान (50) ने कॉल कर बताया था कि गांव के राजू ने उनकी पिटाई की है। राजू के साथ उसका भाई सोनू व उनका एक साथी भी हैं। वह धमकी दे रहे हैं कि तुझे जान से मारेंगे। जिसके बाद वह 18 नवंबर को अपने घर पहुंची तो उनके पति का खून से लथपथ शव घर पर पड़ा मिला। उनके शरीर चोट के निशान थे। मुकेश ने बताया कि उनके जेठ बलबीर ने उन्हें जानकारी दी कि रात करीब साढ़े 11 बजे गांव का सोनू, राजू व एक अन्य कप्तान को घर के बाहर फेंककर गए हैं।

# जनसेवा ही भाजपा के सदस्यता अभियान का मकसद: मोहन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा है कि पार्टी की ओर से प्रदेशभर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जनता का हर वर्ग पार्टी के सदस्यता अभियान में रूचि दिखाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहा है। प्रदेश के 20 हजार 600 से अधिक बूथों पर सदस्यता अभियान जोर शोर से चल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली सोमवार को कुरुक्षेत्र के भाजपा कार्यलय में सदस्यता अभियान बारे बैठक को



संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने की। जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने पुष्पगुछ भेंट करके प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट,प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता,विधायक जगमोहन आनंद,पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा,सुभाष कलसाना, जय भगवान शर्मा,अशोक गुर्जर व राहुल राणा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नए सदस्य छह वर्ष के लिए बनाए जा रहे हैं। पार्टी ने सदस्यता फार्म के साथ पूरा ब्यौरा दिया है ताकि सदस्य बनने वाला पहले पूरी जानकारी लेकर सदस्यता ग्रहण करें।

# गीता रन में भाग लेने के लिए प्रतिभागी आज से करवाए रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** लॉन टेनिस प्रशिक्षक गौरव शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर 28 नवंबर 2024 को गीता रन का आयोजन पुरुतोषमपुरा बाग, ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र पर करवाया जा रहा है। इस गीता रन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण 20 नवंबर 2024 से आरम्भ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस गीता रन में इच्छुक प्रतिभागी 20 नवंबर 2024 से द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में अपना पंजीकरण करवा सकते है व चैस्ट नम्बर प्राप्त कर सकते है।

# जिले में डेंगू का प्रकोप: 16 नए मरीज आए सामने

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले** में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के 16 नए मरीज मिले है। सोमवार को डेंगू लैब से रिपोर्ट जारी की गई। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 411 हो गई है। वही मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र से ज्यादा मरीज सामने आ रहे है। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे



है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सोमवार को जारी की रिपोर्ट में 16 नए मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों के सामने आए है। डेंगू का आकड़ा चार सौ पार होते हुए 411 हो गया है।

**डेंगू की मार**

**▸▸ स्वास्थ्य विभाग की तरफ से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का किया जा रहा काम**

सोमवार को गढ़ी ब्रहाम्ण, जवाहर नगर, उद्देशीपुर, गढ़ी घसीटा, राई, बीसवां मील, दहिया कॉलोनी, नांगल खुर्द, कबीरपुर, कोर्ट मोहल्ला में नए मरीज सामने आए है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। क्वाइल, क्रीम या तेल का उपयोग करना चाहिए।

# गंभीर चोट मारने मामले में और तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
थाना चांदनी बाग पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी के पास ग्राउंड में बैठे युवक पर हमला कर चोट मारने मामले में सोमवार को और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान शुभम निवासी उग्राखेड़ी, भानू प्रताप निवासी सेक्टर 25 व रणजीत निवासी उग्राखेड़ी के रूप में हुई। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया पूछताछ में आरोपी शुभम ने पुलिस को बताया वह विद्यानंद कॉलोनी निवासी असलम के साथ किसी बात को लेकर रंजिश रखे हुए था। इसी के चलते उसने अपने साथी आरोपी भानू प्रताप, रणजीत व मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके साथी आरोपी नाजिम के साथ मिलकर लाठी डंडो से असलम को चोट मारने की उक्त वारदात को अंजाम दिया।
प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तीन डंडे बरामद कर पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया।
थाना चांदनी बाग में असलम पुत्र इस्लाम निवासी विद्यानंद कॉलोनी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह 8 अक्तूबर की देर शाम करीब 9 बजे कॉलोनी के नजदीक मिडडे की जिम के पास ग्राउंड में बैठकर फोन पर बात कर रहा था।

# निवेश का झांसा देकर सात लाख की ठगी करने के पांच गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: फेसबुक** के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर महिला से सात लाख रुपये की ठगी करने के गिरोह का साइबर थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। टीम ने वारदात को अंजाम देने के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी खंडवा जिला झुंझुनू, राजस्थान हाल गाजियाबाद, उतरप्रदेश प्रदीप उर्फ सोनू निवासी रसूलपुर जिला झुंझुनू, राजस्थान, रहिस निवासी लाखु जिला झुंझुनू, राजस्थान, गोपाल निवासी खोदू कोटा जिला भिलवाडा राजस्थान, सोहनलाल निवासी खोदू कोटा जिला भिलवाडा राजस्थान का है। पुलिस ने आरोपितों को अदात में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
बिल्डर सोसायटी कुंडली निवासी प्रीति ने गत 19 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह सोशल मीडिया पर एक ग्रुप में शामिल हुई थी। ग्रुप से जुड़े लोगों ने उन्हें बताया कि स्टॉक मार्केट में संस्थागत खाते के माध्यम से निवेश कर मोटी कमाई की जा सकती है। उन्हें बताया गया कि एलआरओ कंपनी के माध्यम से वेबसाइट लिंक से जोड़ दिया। इसके बाद माया शर्मा नाम की महिला ने उनके पास व्हाट्सएप कॉल की। महिला ने कहा कि स्टॉक मार्केट में निवेश करने से उन्हें 500 फीसदी तक का लाभ

**काबू**

**▸▸ गिरफ्तार आरोपितों से रिमाण्ड अवधि में एक लाख पच्चीस हजार रुपये जिसमें एक लाख रुपये को खाते में फ्रीज कर कोर्ट के माध्यम से बरामद किया गया**

मिल सकेगा। इस पर विश्वास कर उन्होंने पहले दो लाख रुपये उनके दिए नंबर पर डाल दिए। इस पर उन्हें 10 हजार रुपये का लाभ दिया गया। प्रीति का कहना है कि उसके बाद उन्हें अधिक राशि लगाने को प्रेरित किया। साथ ही एक लिंक दिया, जिसे खोलकर वह अपने खाते में जमा राशि को देख सकती थीं। उस खाते पर उन्हें यूपीआई और नेट बैंकिंग के माध्यम से रुपये भेजने को कहा गया। उन्होंने 11 बार में 10 जनवरी से लेकर 16 फरवरी तक 7.10 लाख रुपये उनके बताए खातों में भेज दिए। महिला का आरोप है कि उनसे महिंद्रा इंटरप्राइजेज, आईएन कॉटेक्स, रेक्स इंटरप्राइजेज, परम हंश इंटरप्राइजेज, ताविया रवि भाई जेसिंग भाई, रहीश होलसेल, प्रिंस टेक्सटाइल, लाइफ लाइन फिशर्स नाम पर खोले खातों में रुपये डलवाए गए। 16 फरवरी को उनके खाते में 32,79,340 रुपये दिख रहे थे। उन्होंने राशि को निकालने की जानकारी मांगी तो कहा कि इसके लिए 20 फीसदी लाभ उन्हें देना होगा। करीब 5.14 लाख रुपये जमा कराकर यह राशि ली जा सकती है। ठगी का पता लगने पर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। आइपीएस प्रबीना ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों से रिमाण्ड अवधि में एक लाख पच्चीस हजार रुपये जिसमें एक लाख रुपये को खाते में फ्रीज कर कोर्ट के माध्यम से बरामद किया गया है।

# ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का प्रलोभन देकर की जा रही ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**पुलिस ने** साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने साइबर फ्रॉड बारें जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अजाम दे रहे



हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इनमे से एक ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का झूठा प्रलोभन देकर लोगों के साथ ठगी करने का तरीका भी सामने आया है। साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर करते हुए दिन में 1 से 2 घंटे तक काम करके हजारों रुपए प्रतिदिन कमाने का लालच देते है। इस प्रकार के लुभावने ऑफर को देखकर लोग आसानी से इनके जाल में फस जाते है।
इस प्रकार से दिया जा रहा है वारदात को अंजाम, फ्रॉड करने वाले भेजते है लिंक;
साइबर ठग पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब करने के लिए लोगों को एसएमएस, व्हाट्सएप, टेलीग्राम मैसेजिंग, वैबसाइट, मोबाइल एप वा अन्य माध्यमों से लिंक भेजते है।

# हैदरपुरः भाजपा ने विधायक बंदना कुमारी के खिलाफ किया प्रदर्शन
















**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के हैदरपुर इलाके में शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की विधायक के खिलाफ भाजपा के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन किया गया।
इस मौके पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की दशा काफी ज्यादा खराब हो चुकी है। जनता को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने जमकर आम आदमी पार्टी की विधायक बंदना कुमारी के खिलाफ नारे बाजी और विधायक का पुतला दहन भी किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला केशवपुरम के अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद अमित नागपाल, पूर्व निगम पार्षद ममता नागपाल, भाजपा नेता भरत अरोडा, पूर्व निगम पार्षद अंजू जैन, महेश अवाना, जगदीश बैरीवाल, मंडल अध्यक्ष मिस्टर झा, पूर्व जिला अध्यक्ष हरंबल लाल उप्पल, पूर्व पार्षद भूपेन्द्र मोहन भंडारी, बलराम गुप्ता, श्रीकृष्ण यादव, सूरज सैनी, विशाल पाण्डेय, राजकुमार चौधरी, उमेश साहू, रोशन सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की विधायक ने क्षेत्र की स्थिति पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया है, जिसके चलते यहां की जनता कई समस्याओ से जूझ रही है। उन्होंने आगे बताया कि शालीमार बाग क्षेत्र की सड़के टूटी हुई है, सीवर से गंदा पानी बह रहा है, बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल रही है और युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। प्रदूषण से जनता का दमघूट रहा है। लेकिन दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी और इनके विधायक जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे है। इस मौके पर कई प्रमुख नेताओं ने अपने-अपने विचार रखें।







# झुग्गीवासियों की समस्या का होगा निदान, निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर रहेंगे हाजिर







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वालें लोगों के बीच जाकर मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर क्षेत्र की जनता के साथ बराबर संपर्क बनाए हुए है। जिसमें की खासकर दो समय की रोटी खाकर गुज़र-बसर कर रहें क्षेत्र स्थित झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोगों से मुलाकात कर जान रहें है उनकी समस्याएं।
इसी बीच गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि जहांगीर पुरी के डी ब्लॉक स्थित झुग्गी बस्तियों में सप्ताह में दो बार दौरा किया जा रहा है व उन लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निदान भी किया जा रहा है। इस मौके पर राठौर ने कहा कि लोगों की समस्याओं को हल करने व उनकी मदद करने के लिए भाजपा परिवार का हर एक कार्यकर्ता हमेशा तैयार रहता है, व बस्तियों में जाकर लोगों से मिलकर उनका हाल भी जान रहे है। इसके अतिरिक्त झुग्गी बस्तियों में समय-समय पर नालियों में मच्छरों की दवाई का भी छिड़काव किया जा रहा है व जिन लोगों के आधार कार्ड नहीं है व कुछ बदलाव करने हो या किसी बुजुर्ग की वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन फार्म भरवाना भाजपा के कार्यकर्ता सभी कामों में लोगों की सहायता कर रहे है। इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने क्षेत्र की जनता के साथ वोट बैंक की राजनीति की है। जिसके चलते आज बुराड़ी के लोग बिजली, पानी, सड़क, सीवर, साफ-सफाई सहित अनेकों समस्याओं को झेलने के लिए विवश है। इसी कड़ी में आज जहांगीर पुरी स्थित डी ब्लॉक झुग्गी बस्ती वालों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को तुरंत आदेश देते हुए उन समस्या का तुरंत निदान किया गया।

# दिल्ली के लोगों की जान से खिलवाड़ करना बंद करें केजरीवालः कपूर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय जितनी ब्यानबाजी एवं पत्रबाजी कृत्रिम बरसात को लेकर कर रहे हैं यदि उतने पत्र अपनी पार्टी की पंजाब सरकार को पराली जलने से रोकने को लेकर और अपनी ही दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को टूटी सड़कों के निर्माण को लेकर लिख देते तो आज दिल्ली ही क्या शायद उत्तर भारत में स्थिति काफी बेहतर होती। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की जिस कृत्रिम बरसात का राजनीतिक सपना गोपाल राय दिल्ली वालों को दिखाते रहते हैं वह बतायें क्या उनकी सरकार के पास इसकी कोई वैज्ञानिक फेजेबिलटी रिपोर्ट है, क्या भारत में कहीं भी यह आज तक की गई है। इसकी लागत क्या है, क्या इसका कोई अंदाज दिल्ली सरकार के पास है।
भाजपा प्रवक्ता ने मंत्री गोपाल राय से पूछा है की क्या वह जानते हैं की कृत्रिम बरसात से वातावरण में जो सिल्वर आयोडायिड निकलता है वो कितने खतरनाक होता है और साथ ही वह दिल्ली की मिट्टी को भी खराब कर सकता है। प्रवीण शंकर ने कहा है की पंजाब में गत 3 दिन में ही 1925 खेत जलने की नई घटनाएं हुई हैं और इस वर्ष 15 सितम्बर से आज तक 9925 पराली जलने की घटनाएं हुई हैं जबकि हरियाणा में 1153 एवं यू.पी. में 3308 घटना हुई हैं।

# दिल्ली में पॉल्यूशन का सॉल्यूशन इलेक्ट्रिक वाहनः थान सिंह यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में दिन-ब-दिन बढ़ते हुए पॉल्यूशन ने दिल्ली वालों की सांसों पर भी संकट खड़ा कर दिया है, दिल्ली में तेजी के साथ बढ़ते हुए आई क्यू लेवल ने छोटे बच्चों के माता-पिता की चिंता भी बढ़ा दी है। तो वहीं दिल्ली की केजरीवाल सरकार सब फिजूर के पत्राचार व ब्यानों में लगी हुई है। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि पंचायत संघ काफी लंबे समय से दिल्ली में बढ़ते हुए प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार को आगाह करता आया है बावजूद इसके सरकार के कानों तले जूं तक न रेंगी, जिसकी लापरवाही का नतीजा आज दिल्ली की जनता भुगत रही है। इसके साथ ही यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार वाकई में प्रदूषण से दिल्ली को निजात दिलाना चाहती है तो दिल्ली सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें व जल्द से जल्द सभी इलेक्ट्रिक व्हीकल पर सब्सिडी भी लागू करें।

# सरवजीत सिंह विरक ने किया एसएचओ रमेश कौशिक का सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार सरवजीत सिंह वीरक ने हाल ही में शक्ति नगर में चार मंजिला इमारत में आग लगने के बाद वहां फंसी 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला को सुरक्षित बाहर निकालने वाले रूप नगर थाना के एसएचओ रमेश कौशिक का सम्मान किया। इस मौके पर सरदार वीरक के साथ उनके साथी सरदार करणवीर सिंह सिद्धू भी उपस्थित थे। सरदार सरवजीत सिंह वीरक ने इस अवसर पर बताया कि एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश कौशिक की बहादुरी की जितनी सराहना की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि जब कौशिक को पता चला कि चार मंजिला इमारत में एक 75 साल की बुजुर्ग महिला फंसी हुई है और वह चलने-फिरने में असमर्थ है, तो उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना तुरंत महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से भी बहुत जल्दी इंस्पेक्टर कौशिक का कमेटी दफ्तर में सम्मान किया जाएगा।

# मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में खंडेलवाल के नेतृत्व में विधायक के खिलाफ खोला मोर्चा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केजरीवाल सरकार व मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व चांदनी चौक लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल व चांदनी चौक जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान भाजपा के कई बड़े पदाधिकारियों सहित सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन राज खुराना, अशोक गोयल देवराहा, केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी, भाजपा नेता हरीश असडी, पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद, प्रेम चंद गुप्ता, सीमा निगम, अनिता ठाकुर, मंडल अध्यक्ष बदलूराम कनौजिया व रोहित जैन, वीरपाल सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। प्रदर्शन के दौरान राज खुराना ने कहा कि विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी क्षेत्र से दो बार लगातार आम आदमी पार्टी से विधायक रहें है जिन्होंने पूरे दस साल फिता काटने के अलावा कोई काम नहीं किया है व क्षेत्र से गायब रहे है। तो वहीं पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में दिल्ली से आम आदमी पार्टी और मॉडल टाउन विधानसभा से विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना है। इसके अतिरिक्त हरीश असडी ने कहा कि इस बार दिल्ली की जनता ने पूरा मूड़ बना लिया है भ्रष्टाचार में मग्न केजरीवाल सरकार को दिल्ली की सत्ता से हमेशा के लिए उखाड़ फेंकना है और दिल्ली में भी भाजपा सरकार बनाकर दिल्ली को विकास के पथ पर अग्रसर करना है।

# सड़क हादसे में बीएससी एग्रीकल्चर के तीन छात्रों की मौत, एक गंभीर

## राजस्थान बयाना के रहने वाले हैं चारों छात्र, कॉलेज आते हुए हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः मंगलवार** की सुबह हुए सडक हादसे में बैचलर ऑफ साइंस इन एग्रीकल्चर के तीन छात्रों की मौत हो गई जबकि चौथे की हालत गंभीर है। घायल छात्र को उसके परिजन जिला चिकित्सालय मथुरा से गंभीर अवस्था में उपचार के लिए भरतपुर ले गये। छात्र मंगलवार की सुबह मोटरसाइकिल से कॉलेज जा रहे थे। सड़क हादसा मगोर्रा थाना क्षेत्र में जाजमपट्टी पर हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रों के परिजनों को सूचना दी और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। इधर सूचना मिलने के बाद परिजन जिला अस्पताल और उसके बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। सभी छात्र कृष्ण प्यारी शुक्ला कॉलेज के बताये जा रहे हैं। वे एग्रीकल्चर से बीएससी कर रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहित तोमर ने बताया कि मंगलवार की सुबह भरतपुर के रहने वाले चार छात्र एक बाइक पर कॉलेज के लिए जा रहे थे। जाजमपट्टी के समीप उन्हें प्राइवेट बस चालक ने टक्कर मार दी। इसमें भरतपुर के बयाना स्थित मनपुरिया निवासी 20 वर्षीय रितेश, चेतन, मुकुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी छात्र बनाया से ट्रेन से आये थे और रास्ते में उन्होंने बाइक ली।



मगोर्रा थाना क्षेत्र में जाजम पट्टी में सुबह भरतपुर की तरफ से एक मोटरसाइकिल जिसका नम्बर आरजे 05 जीएस 4597 था, जिस पर चार लडके सवार होकर मथुरा की तरफ आ रहे थे। मथुरा की तरफ से भरतपुर के लिए एक बस यूपी 85 बीटी 9685 जा रही थी, जिससे एक्सीडेंट होने पर इसमें चारों युवक घायल हो गये और इन्हें हॉस्पीटल लो जाया गया। अस्पताल में जाकर रीतीश, मुकुल, चेतन की मौत हो गई। रामकेश नामक युवक गंभीर अवस्था में घायल है उसे एडमिट किया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बस को पकड लिया है।

-आलोक सिंह, सीओ

# नगर निगम में हुई जनसुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः मंगलवार को** अपर नगर आयुक्त रामजी लाल द्वारा मथुरा स्थित नगर निगम सभागार में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायत कताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 12 शिकायत प्राप्त हुयी, जिसमें आठ शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित चार शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। अपर नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, मोहम्मद अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी गोपाल गर्ग, अमरेंद्र गौतम अधिशासी अभियंता सिविल एवं आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें


### एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड का आईपीओ 22 नवंबर, 2024 को खुलेगा

**नोएडा ।** एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड ("एनवायरो इंजीनियर्स" या "कंपनी"), इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024 को अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी।

10 रुपये फेस वैल्यू वाले प्रत्येक इक्विटी शेयरों के कुल ऑफर में 3,86,80,000 इक्विटी शेयरों का नया निर्गम ("फ्रेश निर्गम") और 52,68,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है ("बिक्री के लिए प्रस्ताव")। इस ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए 1,00,000 इक्विटी शेयरों तक का आरक्षण शामिल है ("कर्मचारी आरक्षण भाग")। एंकर निवेशक बोली की तारीख गुरुवार, 21 नवंबर, 2024 होगी। बोली/ऑफर शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024 को खुलेगा और मंगलवार, 26 नवंबर, 2024 को बंद होगा ("बोली विवरण")। ऑफर का प्राइस बैंड रु140 से रु148 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 101 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 101 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं ("प्राइस बैंड")। कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित के लिए करने का प्रस्ताव करती है -- (१)कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए; (२) हमारी सहायक कंपनी ईआईईएल मथुरा इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड ("ईआईईएल मथुरा") में हाइब्रिड एन्युटी आधारित पीपीपी मोड के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मथुरा में 'मथुरा सीवरेज योजना' नामक परियोजना के तहत 60 एमएलडी एसटीपी बनाने के लिए धन का निवेश। (३) हमारे कुछ बकाया उधारों का पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान; (५) अज्ञात अधिग्रहणों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों ("जारी किए जाने वाले उद्देश्य") के माध्यम से इन ओरगनिक विकास के लिए फंड जुटाना।

### एयरबीएनबी पर सारा अली खान लेकर आ रही हैं एक्सक्लूसिव वेलनेस एवं योगा रिट्रीट

**फरीदाबाद।** फिटनेस एवं ट्रैवल को लेकर प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान पहली बार एक्सक्लूसिव वेलनेस एवं योगा रिट्रीट क्यूरेट एवं होस्ट करने के लिए तैयार हैं। यह रिट्रीट गोवा में एयरबीएनबी की खास लोकेशन पर होगा, जिसमें चार अतिथियों को हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। गोवा की खूबसूरत वादियों में रिट्रीट का हिस्सा बनने वालों को सुकून का एहसास होगा। यह उनके लिए दिल-दिमाग को शांत रखने का एक खूबसूरत मौका होगा। इसमें हिस्सा लेने वाले अतिथि प्रकृति की खूबसूरत वादियों में सारा के साथ योग का आनंद लेंगे और उन्हें सारा की व्यक्तिगत वेलनेस से जुड़े राज भी जानने का मौका मिलेगा। एयरबीएनबी में भारत, दक्षिणपूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के जनरल मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने कहा, ह्लएयरबीएनबी के होस्ट के रूप में सारा का स्वागत करने को लेकर हम उत्साहित हैं। पर्यटन के लिए किसी गंतव्य पर जाते समय अनूठा एवं व्यापक अनुभव पाने की भारतीय पर्यटकों की चाहत लगातार बढ़ रही है। साथ ही बॉलीवुड भी लोगों के लिए इस मामले में किसी मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में यह रिट्रीट लोगों को सबसे अलग और अनूठा अनुभव देगा। इससे एक एक्साइटिंग इमर्जिंग ट्रैवल ट्रेंड के रूप में वेलनेस टूरिज्म को सामने लाने का भी मौका मिलेगा। सारा ने कहा, गोवा में विशेष तौर पर एयरबीएनबी पर इस खास वेलनेस एवं योगा रिट्रीट में अतिथियों का स्वागत करने के लिए मैं उत्साहित हूं। प्रकृति की खूबसूरती के बीच हम मन, शरीर और अंतर्रात्मा की शांति पर फोकस करेंगे और साथ मिलकर यादगार क्षण बनाएंगे। यह एक यादगार व्यवस्था के बीच जिंदगी की छोटी-छोटी खुशियों को सामने लाने, उनसे जुड़ने और उन पलों को गले लगाने का एक मौका है। एयरबीएनबी ने 2022 में गोवा पर्यटन विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया था।



जिसके तहत गोवा की खूबसूरत वादियों और यहां के अनूठे होमस्टे इकोसिस्टम को बढ़ावा देने पर फोकस किया जा रहा है। इस गठजोड़ के माध्यम से एयरबीएनबी का उद्देश्य शांति, संस्कृति एवं संबंधों की तलाश कर रहे घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों के समक्ष ह्लगोवा बियॉन्ड बीचेजह्न (समुद्री किनारों से इतर गोवा की खूबसूरती) को बढ़ावा देने के सरकार के लक्ष्य को समर्थन प्रदान करना है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्रांतर्गत मंगलवार को खेत पर कार्य कर रहा एक युवक चलते ट्रैक्टर पर चढ़ते समय फिसल जाने के कारण ट्रैक्टर के नीचे आ गया। इससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा मोहित कुमार तोमर ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे श्यामवीर पुत्र रमनलाल अपने खेत जोतने गया था। इसी दौरान दीपक पुत्र विजय सिंह निवासीगण विट्ठल नगर थाना मगोर्रा मथुरा भी श्यामवीर के साथ खेत पर चला गया । बताया जाता है कि खेत जोतने के दौरान दीपक ने ट्रैक्टर पर चढ़ने की कोशिश की लेकिन हाथ पैर फिसलने के कारण वह चलते हुए रोटावेटर के नीचे आ गया।

# बकरी महाकुंभ में जुटे 3000 में जुटे अधिक बकरी पालक

## महाकुंभ में 17 आई.सी.ए,आर के संस्थानों ने स्टाल लगाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः बकरी** महाकुंभ में 3000 से अधिक किसान और शोधार्थी जुटे। केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम द्वारा पशुपालन एव डेयरी विभाग नई दिल्ली के सहयोग से राष्ट्रीय बकरी सम्मेलन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय बकरी महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, अति विशिष्ट अतिथि अरुणाचल प्रदेश के मंत्री गेब्रियल डी. वांगसु, डॉ. राघवेन्द्र भट्टा उप महानिदेशक (पशु विज्ञान), डॉ. अभिजीत मित्रा आयुक्त पशुपालन एवं डेयरी विभाग नई दिल्ली, डॉ. एके गौर, एडीजी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। इस कार्यक्रम में प्रगतिशील बकरी पालकों को सम्मानित किया गया एवं कुल चार प्रतियोगिताओं में विजयी किसानों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्थान निदेशक डॉ. चेटली ने स्वागत भाषण में कहा कि यह ऐतिहासिक दिन है। इस कार्यक्रम में 17 आई.सी.ए,आर के संस्थानों ने स्टाल लगायी हैं। जिससे विभिन्न राज्यों से 3000 से अधिक प्रगतिशील किसान का ज्ञानवर्धन हुआ है। इसके साथ ही संस्थान निदेशक डॉ. चेटली ने संस्थान में चल रहे विभिन्न शोध अनुसंधान कार्य, प्रशिक्षणों एवं परियोजनाओं की जानकारी दी जो कि किसानों के आर्थिक उत्थान एवं आय दोगुनी करने में सहायक है। उप महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. राघवेन्द्र भट्ट ने कहा कि पहली बार इतने बकरी पालक किसान इस कार्यक्रम में उपस्थित हैं। इसके साथ ही उन्होंने बकरी के दूध के उपयोग और महत्व पर विस्तृत चर्चा की एवं संस्थान को एक विशाल किसान छात्रावास हेतु निधि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।



# एडीएम ने सुनवाई के बाद युवक से हटाई गुण्डा एक्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः युवक** पर गुंडा एक्ट की धारा में कार्रवाई की गई थी। युवक ने एडीएम से न्याय मांगते हुए उनके समक्ष अपना पक्ष रखा। जिसमें सुनवाई हुई एडीएम ने सुनवाई के बाद युवक को निर्दोष पाया। जिसके बाद एडीएम ने पुलिस को हिदायत देते हुए युवक पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई हटा दी है। दरअसल, जैत पुलिस की ओर से वर्ष 2022 में वीरेंद्र उर्फ.मटरी पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गयी थी। मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि आज तक वीरेंद्र पर किसी अपराध में न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध नहीं किया गया है। विपक्षी किसी भी मुकदमे में सजायाफ्ता नहीं है।

ऐसी स्थिति में उसे गुंडा नहीं कहा जा सकता। उक्त वाद में विपक्षी के विरूद्ध मुकदमा वर्ष 2022 के हैं। इससे बाद में विपक्षी के विरुद्ध कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं है। विपक्षी के अन्य जनपद में निवास करने के दृष्टिगत उक्त अभियुक्त के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3 के अधीन किसी प्रकार की कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। उपरोक्त के आधार पर गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही नियम संगत नहीं है। अतः उपर्युक्त विवेचना के आधार पर विपक्षी के विरूद्ध जारी नोटिस वापस लेते हुए वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। आदेश की प्रति प्रभारी निरीक्षक, जैत जिला मथुरा को भेजी गयी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट की इस कार्यवाही के बाद वादी ने आभार प्रकट किया है।

### लंगूर के आतंक से ग्रामीण परेशान

**मथुरा।** ब्लॉक के गांव शहजादपुर पोरी में पिछले 15 से 20 दिनों से एक लंगूर का खूब आतंक चल रहा है। जिसमें वह लंगूर रोजाना किसी न किसी आदमी, महिला, बच्चों पर हमला कर रहा है। जिससे अभी तक लोगो उस लंगूर द्वारा घायल कर दिया गया है। ग्राम सभा के पूर्व प्रधान ने बताया कि उनकी ग्राम सभा मे एक लंगूर द्वारा पिछले 15 दिनों से खूब आतंक मचाया हुआ है। जिसमें वह घर से बाहर आ रहे बच्चो को घायल कर दे रहा है। वहीं, प्रधान ने बताया कि इस लंगूर के आतंक से बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।वहीं उस लंगूर की वजह से छोटे बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। ग्राम सभा की महिलाओं का अपने खेतों में जाना भी मुश्किल हो चुका है। लंगूर रोजाना खेतों की तरफ महिलाओं पर भी हमला कर दे रहा है।

# कांग्रेसियों ने याद किया इंदिरा गांधी को



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः मंगलवार** को भारत के प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की 107 वीं जन्म जयंती कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय सेठवाड़ा में मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर फूल माला व पुष्पांजलि अर्पित करके उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इंदिरा जी का एक ऐसा व्यक्तित्व था जिनके द्वारा आज समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चली इंदिरा जी के द्वारा दलित व पिछड़े व गरीबों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया। गरीबी हटाओ के नारे के साथ दलित व पिछड़ व गरीबों के उत्थान का कार्य किया उनके द्वारा बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। श्रीमती इंदिरा गांधी के द्वारा भारत का लोहा पूरे विश्व में मनवाया। वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा जिन रोजगारों को कांग्रेस सरकारों के द्वारा सृजित किया गया था। उन कंपनियों को अपने मित्र उद्योगपतियों को बेच दिया जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर समाप्त हो चुके हैं युवा रोजगार के लिए परेशान है। जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा के द्वारा इस बात को कहा गया इंदिरा इंदिरा गांधी एक आयरन लेडी थी और उनका लोहा पूरा विश्व मानता था यही कारण है कि विपक्ष के द्वारा उन्हें दुर्गा का अवतार कहता था। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष श्रीमती शिखा चौधरी, महानगर अध्यक्ष सिम्मी बेगम, सेवा दल के जिला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, प्रवीण ठाकुर, मनोज शर्मा, राजेंद्र कुमार, अशोक शर्मा, मुकेश, ठाकुर कमल शर्मा, दीपक शर्मा, रोशन लाल, महेश चोबे, चिरागुद्दीन, प्रिया पाल, हर्ष कुमार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रसखान समाधि पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः महावन** तहसील स्थित रसखान समाधि पर विश्व धरोहर सप्ताह 19 से 25 तक मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग की क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई आगरा द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी के साथ के साथ -साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया आयोजन के मुख्य अतिथि समाज सेविका श्रीमती रेणु जी एवं, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य श्री जितेंद्र कुमार मिश्रा रहे।प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले स्कूल श्री गुरू कार्ष्णि इंटर कॉलेज, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज तथा श्री मधुसूदन इंटर कॉलेज तीनों विद्यालयों से कुल 100 प्रतिभागियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया स श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज की जानवी कुशवाहा ने प्रथम पुरस्कार तथा श्री कृष्ण इंटर कॉलेज की तनीषा ने द्वितीय तथा श्री मधुसूदन इंटर कॉलेज की छात्रा उर्मिला कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, श्री कृष्ण कॉलेज गोकुल की छात्रा भानुमति तथा गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज की छात्रा तमन्ना ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया इस दौरान छात्र छात्राओं को स्मारक रसखान समाधि का भ्रमण कराया गया और छात्र छात्राओं को महाकवि रसखान व चांदबीबी की भगवान श्री कृष्ण के प्रति भक्ति भाव के बारे में जानकारी दी गयी और पुरातत्व क्षेत्रीय इकाई आगरा सुभाष चंद्र ने विश्व धरोहर सप्ताह के महत्व को समझाया तथा गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ने विश्व धरोहर सप्ताह पर विचार व्यक्त किये श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज महावन की छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



**पुरातत्व**

पुरातत्व क्षेत्रीय इकाई आगरा सुभाष चंद्र ने विश्व धरोहर सप्ताह के महत्व को समझाया

# महाकुम्भ : 85 ट्यूबवेल से होगी मेला क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध पानी की सप्लाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः महाकुम्भ** को स्वच्छ और सुगम बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय पूरे उत्साह के साथ कार्यरत है। सीएम योगी के निदेर्शों के मुताबिक जिस तरह महाकुम्भ नगरी ने आकार लेना शुरू कर दिया है, उसके साथ ही कुम्भ क्षेत्र में सुविधा व्यवस्थाओं का भी इंतजाम शुरू हो गया है। इस दिशा में यूपी जल निगम नगरीय पूरे मेला क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध पानी सप्लाई के लिए 15 नये ट्यूबवेल लगा रहा है। इसके अतिरिक्त पुराने ट्यूबवेलों की मरम्मत कर लगभग 85 ट्यूबवेलों की मदद से पूरे मेला क्षेत्र को महाकुम्भ के दौरान निर्बाध पानी की सप्लाई की जाएगी, जिससे मेला क्षेत्र में रहने वाले कल्पवासियों और साधु-संन्यासियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

**11 करोड़ रुपये की लागत से लग रहे 15 नये ट्यूबवेलः** महाकुम्भ के दौरान 25 सेक्टरों में फैले मेला क्षेत्र में निर्बाध पानी सप्लाई का कार्य यूपी जल निगम नगरीय कर रहा है। जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता अमित राज ने बताया कि महाकुम्भ में 24 घंटे निर्बाध जलापूर्ति के लिए 11 करोड़ रुपये के बजट से ट्यूबवेलों की व्यवस्था की जा रही है। 45 दिनों के महाकुम्भ में निर्बाध पानी सप्लाई 85 ट्यूबवेलों की मदद से की जाएगी। इसके लिए जल निगम नगरीय, मेला क्षेत्र में 15 नये ट्यूबवेल लगा रहा है। महाकुम्भ का मेला क्षेत्र अब तक के कुम्भ मेलों की तुलना में सबसे बड़ा है, जो कि 25 सेक्टर में फैला हुआ है। जिसके लिए शेष 70 ट्यूबवेलों की मरम्मत का कार्य चल रहा है। इनमें से अन्य 15 ट्यूबवेलों को पूरी तरह से रिन्यू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्बाध जलापूर्ति के लिए ये सारा कार्य 30 नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। -निर्बाध पानी सप्लाई के लिए लग रहे 30 जनरेटर और स्टेबलाइजर अधिशासी अभियंता अमित राज ने बताया कि पानी सप्लाई के लिए 30 जनरेटर सेट और स्टेबलाइजर भी लगाये जायेंगे, जो मेला क्षेत्र में बने पम्पिंग प्लांटों से सभी 25 सेक्टरों में पानी सप्लाई का कार्य करेंगे। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में पानी सप्लाई के लिए पाइप का जाल भी बिछाया जाएगा। जिससे अखाड़ा-शिविरों, प्रशासन के टेंट, कल्पवासियों और पूरे मेला क्षेत्र में पानी सप्लाई की जाएगी। ये कार्य भी यूपी जल निगम नगरीय प्रयागराज ही कर रहा है, जो कि सीएम योगी के निदेर्शों के मुताबिक 30 नवम्बर तक पूरा हो जाएगा।




# दुधवा महोत्सव से होगी खीरी में महोत्सव की शुरूआत, पांच जगह होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरीः डीएम** दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनूठी पहल पर खीरी जिले में पहली बार "लखीमपुर महोत्सव-2024" की शुरूआत होगी। इसके लिए सभी तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही है। कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने आयोजन से जुड़े अफसरों की बैठक ली और तैयारियों की रूपरेखा तय की। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, अध्यक्ष, नपाप गोला विजय शुक्ला रिंकू, डीडी दुधवा टी रंगा राजू, एडीएम संजय सिंह, सीओ सिटी रमेश तिवारी, पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित कुमार चौधरी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने महोत्सव आयोजन के लिए गठित मेला स्थल व्यवस्था समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, प्रचार प्रसार समिति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था समिति, स्टाल आवंटन समिति, दर्शक दीर्घा समिति, आमंत्रण समिति, संसाधन समिति साज-सज्जा, आयोजित गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यक्रम स्थल पर की सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों के पार्किंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भव्यता के साथ समय से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि लखीमपुर महोत्सव की सफलता पूरी टीम की मेहनत पर निर्भर करेगी। व्यवस्था जितनी ही बेहतर बनाएंगे, कार्यक्रम उतना ही शानदार होगा।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bharadwaj Group



# दिल्ली में "एक्शन इंडिया प्रोडक्शंस" की हुई भव्य शुरुआत


























**नई दिल्ली / टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर भारत के अग्रणी मीडिया समूहों में से एक **'एक्शन इंडिया मीडिया समूह'** ने वीडियो प्रोडक्शन के क्षेत्र में भी कदम रख दिया है। विगत 17 नवंबर 2024, रविवार को दिल्ली के आदर्श नगर स्थित फ्रेग्रेन्स टावर में एक्शन इंडिया प्रोडक्शंस की भव्य शुरूआत की गई। इस दौरान एक्शन इंडिया के नये कार्यालय का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान भारद्वाज परिवार के कुछ खास पारिवारिक मित्र और दिल्ली कार्यालय से जुड़े सहयोगी ही शामिल हुए।

## सुंदरकांड पाठ से हुई नये प्रोडक्शन हाउस की शुरूआत

श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज जी और श्रद्धेय स्व. श्री राकेश भारद्वाज जी की असीम अनुकम्पा से एक्शन इंडिया समूह ने एक और नये वेंचर में हाथ डाला है। नये कार्यालय की शुरूआत से पहले सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद विधिवत रूप से नये कार्यालय का शुभारंभ हुआ।

## एक्शन इंडिया मीडिया समूह की सीएमडी गीता राकेश भारद्वाज ने की शुरूआत

एक्शन इंडिया प्रोडक्शंस के नये कार्यालय की शुरूआत एक्शन इंडिया समूह की सीएमडी गीता राकेश भारद्वाज जी के करकमलों द्वारा की गई। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के निधन के पश्चात से समूह की पूरी कमान गीता जी के ही हाथों में है।

## प्रिंट और डिजिटल मीडिया के बाद अब वीडियो प्रोडक्शन के क्षेत्र में उतरा एक्शन इंडिया मीडिया समूह

पिछले 32 वर्षों से प्रिंट मीडिया में अपनी अलग पहचान बना चुके एक्शन इंडिया मीडिया समूह ने पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल मीडिया में भी कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। एक्शन इंडिया के फेसबुक पेज पर हर महीने करोड़ों लोग पहुँचाते हैं। वहीं, एक्शन इंडिया के इंस्टाग्राम पेज पर तो हर माह 2-3 करोड़ लोगों की रीच है। अब एक्शन इंडिया ने वीडियो प्रोडक्शन के क्षेत्र में भी कदम रख दिया है।

## प्रोडक्शन हाउस के लिये नयी और प्रोफेशनल टीम का किया गया गठन

एक्शन इंडिया मीडिया समूह की डिजिटल टीम के साथ समन्वय करते हुए प्रोडक्शन हाउस की नयी टीम अब आगे बढ़ेगी। वीडियो प्रोडक्शन के क्षेत्र में ये एक्शन इंडिया का पहला कदम है लिहाजा प्रोफेशनल कंसलटेंट और एसोसियेट पार्टनर्स को भी साथ जोड़ा गया है। प्रोडक्शन हाउस में लंबा अनुभव रख चुके कई नामी लोग एक्शन इंडिया की टीम में शामिल हुए हैं।

## देश के बड़े मीडिया संस्थानों, प्रोडक्शन हाउसेस के नामी चेहरे देंगे एक्शन इंडिया को नयी धार

देश के नामी न्यूज चैनल्स सहित प्रोडक्शन हाउस के कई नामी चेहरे एक्शन इंडिया की प्रोडक्शन टीम के मेंटर बनेंगे। इनके मार्गदर्शन में ही सभी कार्य किए जाएँगे। फि लहाल, टीआरपी में नंबर 1 चैनल बन चुके टीवी9 भारत वर्ष के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर देव प्रकाश तिवारी इस टीम का मार्गदर्शन करेंगे। देव मीडिया इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम है। इससे पहले वो जी न्यूज, न्यूज 24 और इंडिया टीवी सरीखे नामी चैनलों में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। वहीं, बीटी मीडिया के डायरेक्टर आशीष शुक्ला भी एसोसियेट पार्टनर के रूप में जुड़े हैं। आशीष भी इंडिया टीवी और टीवी 18 सरीखे कई बड़े चैनलों में कायार्नुभव रखते हैं। एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज के साथ ही मीडिया का प्रशिक्षण ले चुके दिनेश पाठक भी एसोसियेट पार्टनर के रूप में जुड़े हैं। जागरण के मीडिया संस्थान से रवि भारद्वाज और दिनेश पाठक ने एक साथ ही पढ़ाई की थी। दिनेश, अलग अलग मीडिया संस्थाओं में काम करने के बाद फि लवक़्त जी न्यूज में बतौर प्रोड्यूसर कार्यरत हैं। इनके अलावा डिजाइनिंग, फोटोग्राफी और पैकेजिंग की दुनिया की नामी कंपनी ह्लथिंक ग्राफि कह्व के डायरेक्टर सुनीत गर्ग भी बतौर एसोसियेट पार्टनर जुड़े हैं। उनका लंबा अनुभव बेशक एक्शन इंडिया के लिये मुफीद साबित होगा।

## एक्शन इंडिया समूह संपादक रवि भारद्वाज की अगुवाई में हुए कई बड़े बदलाव

एक्शन इंडिया के संस्थापक श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी ने अपने जीवन का अधिकतर हिस्सा एक्शन इंडिया अखबार को ही समर्पित कर दिया था। परलोकगमन होने तक उनकी हर सांस एक्शन इंडिया में बस्ती थी। वहीं, युवा रवि ने भी मात्र 14 वर्ष की आयु से एक्शन इंडिया के कार्यकलापों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। स्वर्गवास से बहुत पहले ही राकेश जी ने अखबार और पूरे मीडिया समूह की बागडोर रवि भारद्वाज के हाथों में दे दी थी। एक्शन इंडिया को अन्य राज्यों में संस्करण प्रकाशित करने से लेकर डिजिटल टीम के गठन का श्रेय भी रवि भारद्वाज को ही जाता है। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज को गये 4 वर्ष बीत गये हैं लेकिन उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज भी दिन प्रतिदिन नये और संस्था के लिए लाभदायक बदलाव कर रहे हैं।



